दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



हनी सिंह के गाने माफिया .....



सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्म की ताकत.......

वर्ष : 11 | अंक : 248 | लखनऊ, 28 अगस्त, गुरुवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने मिशन रोजगार के अन्तर्गत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं तथा 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने सपने को साकार करने के लिए प्रत्येक प्रतिभाशाली व ऊजार्वान युवा हर सम्भव प्रयास करता है। वह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाने का काम करता है। युवाओं के सपनों को मंच प्रदान करने का दायित्व प्रत्येक लोकप्रिय सरकार का होता है। युवाओं को सही दिशा प्रदान करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना प्रत्येक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए। आज 2,438 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। इसमें आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुपोषित माताओं और नवजात शिशुओं के लिए चल रहे पोषण अभियान की मॉनीटरिंग के लिए 2,425 मुख्य सेविकाएं तथा 13 फार्मासिस्ट सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री आज यहां मिशन रोजगार के अन्तर्गत चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं तथा 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के युवाओं को अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें आजमगढ़, अमरोहा, शामली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी तथा प्रयागराज आदि जनपदों के युवा सम्मिलित हैं। इन जनपदों में युवाओं के पास पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन प्रदेश के सुदूर जनपदों में रहने वाली बेटियों तथा जनपद लखीमपुर खीरी में दुधवा नेशनल पार्क के जंगलों के बीच रहने वाली थारू जनजाति की बेटियों का सफल होना चयन की निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की बेटियां चयनित होकर शासन की व्यवस्था का हिस्सा बन रही हैं। अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस में 60,244 कार्मिकों की भर्ती की गई। इसमें 12,045 बेटियां सम्मिलित हैं। वर्ष 1947 से वर्ष 2017 तक प्रदेश पुलिस बल में केवल 10 हजार महिला पुलिस कार्मिक थीं। विगत 08 वर्षों में 40 हजार से अधिक महिला पुलिस कार्मिकों की भर्ती की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग में 01 लाख 56 हजार शिक्षकों की भर्ती की गई है। इसमें ज्यादातर बेटियां सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। विगत 08 वर्षों में प्रदेश सरकार ने आंगनवाड़ी केन्द्रों, बेसिक शिक्षा विभाग आदि उन्नयन के लिए अनेक कार्य किए हैं। जर्जर विद्यालयों में बच्चों के जीवन को खतरा उत्पन्न होता है। प्रदेश के जर्जर विद्यालयां को शिफ्ट करना आवश्यक था। यह छात्र शिक्षक अनुपात को ठीक करने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हिस्सा था। अनेक राज्यों ने इस अभियान को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश से भी इस अभियान को आगे बढ़ाने अपेक्षा थी।

# सुप्रीम कोर्ट को मिलने जा रहे 2 नए जज

## जस्टिस अराधे और जस्टिस पंचोली के नाम को केंद्र ने दी मंजूरी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय कानून मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। इस संबंध में, केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने को मंजूरी दे दी।

### कानून मंत्री मेघवाल ने एक्स पर क्या कहा?

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद, (i) न्यायमूर्ति श्री आलोक अराधे, मुख्य न्यायाधीश, बॉम्बे उच्च न्यायालय और (ii) न्यायमूर्ति श्री विपुल मनुभाई पंचोली, मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करते हैं।

### सर्वोच्च न्यायालय फिर से पूरी क्षमता से कार्य करेगा

ध्यान रहे कि सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 34 हैं, लेकिन यह केवल 32 न्यायाधीशों के साथ कार्य कर रहा है। अब, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पदोन्नति से दोनों रिक्तियाँ भर जाएँगी, और सर्वोच्च न्यायालय एक बार फिर पूरी क्षमता से कार्य करेगा।

### जानिए इन न्यायाधीशों की पदोन्नति कैसे हुई?

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति नागरत्ना की पाँच सदस्यीय कॉलेजियम ने 25 अगस्त को बैठक की और केंद्र को बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति पंचोली के नामों की सिफारिश शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में की। हालांकि, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने न्यायमूर्ति पंचोली को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत करने के प्रस्ताव पर कड़ी असहमति जताई थी, जैसा कि बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट में बताया गया है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं, 1 से 30 सितंबर तक अभियान चलाएगी उत्तर प्रदेश सरकार

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, योगी सरकार के निर्देशानुसार, उत्तर प्रदेश में 1 से 30 सितंबर तक राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान, 'हेलमेट नहीं, ईंधन नहीं' चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा समितियों के समन्वय में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में, इस अभियान में पुलिस, परिवहन, राजस्व और जिला प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोपहिया वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के तहत हेलमेट नियमों का पालन करें। हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य जुमार्ना लगाने के बजाय सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। योगी सरकार ने जनता से प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। यह पहल वैध है और जनहित में बनाई गई है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129, दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठे यात्रियों, दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194ऊ उल्लंघन के लिए दंड का प्रावधान करती है। सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति ने भी राज्यों को हेलमेट अनिवार्य करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। योगी सरकार ने कहा है कि 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुसार सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# ऑपरेशन महादेव में शामिल जवानों को अमित शाह ने किया सम्मानित

## राष्ट्र हमारे बहादुरों को सलाम करता है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को ऑपरेशन महादेव के दौरान सुरक्षाकर्मियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के तीनों दोषियों को मार गिराया गया। शाह ने पर पोस्ट किया कि राष्ट्र हमारे वीर जवानों को सलाम करता है। हमें अपने वीर सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित करते हुए गर्व हो रहा है, जिन्होंने 'ऑपरेशन महादेव' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया और पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों का खात्मा किया।

28 जुलाई को एक संयुक्त अभियान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिसे ऑपरेशन महादेव के नाम से जाना गया। यह अभियान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाया गया था, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों को मार गिराया गया था, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिकों की जान चली गई थी। 29 जुलाई को, केंद्रीय गृह मंत्री ने पुष्टि की कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सुरक्षा बलों ने नागरिकों की हत्या में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही बहस के बीच लोकसभा में बोलते हुए यह बात कही और बताया कि पहलगाम आतंकी हमले में हमारे नागरिकों की हत्या करने वालों को मार गिराया गया है।

शाह ने निचले सदन को संबोधित करते हुए कहा कि एक संयुक्त ऑपरेशन महादेव में, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों को उनके परिवारों के सामने उनका धर्म पूछकर मार डाला गया। मैं इस बर्बर कृत्य की निंदा करता हूँ। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

ऑपरेशन महादेव से पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया के रूप में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढाँचों को निशाना बनाया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए।

## संक्षिप्त समाचार

### वैश्विक स्तर पर एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभर रहा बिहार : नीतीश मिश्रा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उद्योग विभाग की ओर से विभाग अंतर्गत नव-स्वीकृत बिहार इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पैकेज 2025 के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने की। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने नीति ढांचे और निवेश प्रोत्साहनों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने पैकेज के प्रमुख प्रावधानों, जैसे मुफ्त भूमि आवंटन, वित्तीय प्रोत्साहन, और कारोबारी माहौल को मजबूत करने वाली पहलों के बारे में विस्तार से बताया। सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि यह पैकेज बिहार को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए डिजाइन किया गया है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बीआईपीपीपी-2025 की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹यह पैकेज बिहार के औद्योगिक विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह न केवल निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। यह पैकेज बिहार को औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य है कि बिहार न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरे। इस नीति के माध्यम से हम निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि बिहार में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिले। सत्र के समापन में अधिकारियों ने सवालों के जवाब दिए और बीआईपीपीपी-2025 के माध्यम से मुफ्त जमीन, अद्वितीय वित्तीय प्रोत्साहन, और मजबूत कारोबारी माहौल के जरिए बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने की योजना पर प्रकाश डाला।

# 'शांति' नहीं अब 'शक्ति' पर है भारत का जोर

## रण संवाद 2025 में तीनों सेनाओं ने साझा किया युद्ध रणनीति का खाका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मध्य प्रदेश के महू में आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित 'रण संवाद 2025' ने भारत की रक्षा और रणनीतिक सोच को एक नई दिशा दी है। इस विशेष आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के वक्तव्यों ने न केवल भारत की शांति-निष्ठ रणनीति को दोहराया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि आज की दुनिया में शक्ति और तैयारी के बिना शांति केवल एक कल्पना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कार्यक्रम के शीर्षक 'रण संवाद' पर गहराई से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सतही तौर पर 'रण' (युद्ध) और 'संवाद' (वार्ता) विरोधी शब्द लगते हैं, लेकिन भारतीय परंपरा में संवाद और युद्ध कभी अलग नहीं रहे। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने युद्ध रोकने के लिए शांति-वार्ता का हर प्रयास किया, परंतु असफल होने पर युद्ध अपरिहार्य बन गया। इस संदर्भ में राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि भारत कभी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा, परंतु जब भी चुनौती दी जाती है, राष्ट्र को शक्ति के साथ जवाब देना पड़ता है।

रक्षा मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि आने वाले समय में युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि प्रौद्योगिकी, खुफिया, कूटनीति और अर्थव्यवस्था से मिलकर लड़े जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे तकनीक-आधारित युद्ध क्षमता का सफल उदाहरण बताया। पाकिस्तान और पीओके में मई 2025 की कार्रवाई ने भारत की तैयारी और तकनीकी दक्षता को प्रदर्शित किया।

दूसरी ओर, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का वक्तव्य और भी स्पष्ट और दूरदर्शी था। उन्होंने कहा, 'भारत शांति-प्रिय है, लेकिन हम अहिंसक या निष्क्रिय नहीं हो सकते। शक्ति के बिना शांति एक कल्पना है।'

# जल-जीवन-हरियाली अभियान से बिहार के 2,41,782 हेक्टेयर खेतों तक पहुंचा सिंचाई का पानी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लघु जल संसाधन विभाग द्वारा ₹जल-जीवन-हरियाली अभियान₹ के तहत राज्यभर में 2,41,782 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता विकसित करने के साथ ही कुल 993 लाख घनमीटर जल संचयन क्षमता का पुनर्स्थापन कर लिया गया है। लघु जल संसाधन विभाग ने परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनरूद्धार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अबतक कुल 2,507 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। जिसमें अबतक 2,297 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। इन सभी 2507 योजनाओं को पूर्ण कर राज्य में 2,70,697 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता को पुनर्स्थापन करने का लक्ष्य तय किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों में व्यापक जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप वषार्पात में कमी एवं भूगर्भ जल के अत्यधिक दोहन के फलस्वरूप भूगर्भ जलस्तर में उत्तरोत्तर कमी आने के कारण बिहार के विभिन्न जिलों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# ममता ने जम्मू में बारिश से हुए भूस्खलन पर चिंता जतायी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मंगलवार को जम्मू के बड़े हिस्से में लगातार बारिश से क्षेत्र में भारी तबाही मची, भूस्खलन हुआ, निचले इलाकों में पानी भर गया और कई सड़कें और पुल बह गए। माता वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन से 32 लोगों की मौत हो गई, जबकि जम्मू के डोडा जिले में वर्षाजनित अलग-अलग घटनाओं में चार अन्य लोग मारे गए।

बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू कश्मीर में (श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के रास्ते में भूस्खलन के कारण) प्राकृतिक आपदाओं ने हमें चिंतित कर दिया है और मैं वहां के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करती हूं। उन्होंने राज्य में प्राकृतिक आपदाओं में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और क्षेत्र में फंसे लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, लोगों की जान जाने से मुझे गहरा दुःख हुआ है और मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के लिए प्रार्थना करती हूं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मां वैष्णो देवी उन्हें शीघ्र स्वस्थ करें। प्रभावितों और फंसे हुए लोगों के लिए भी प्रार्थना करती हूं। बाद में, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी इस त्रासदी पर चिंता जतायी और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, जम्मूकश्मीर में वैष्णो देवी मार्ग पर अर्द्धकुंवारी में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुई भूस्खलन की घटना से मैं बहुत व्यथित हूं। इस आपदा में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और प्रभावित और फंसे हुए लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करता हूं। मां वैष्णो देवी दुख की इस घड़ी में सभी को शक्ति प्रदान करें। भारी बारिश से न केवल जम्मू, बल्कि कश्मीर घाटी में भी तबाही मची है। बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। पुल ढह गए और मोबाइल टावर एवं बिजली के खंभे टूट गए।

# गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर 8 घंटे चली मुठभेड़, 4 नक्सली ढेर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, महाराष्ट्र पुलिस ने एक बयान में बताया कि गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर बुधवार को आठ घंटे चली मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने बताया, गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर कोपर्शी वन क्षेत्र में लगभग आठ घंटे तक रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद चार माओवादियों (1 पुरुष और 3 महिला) के शव बरामद किए गए हैं। चार हथियार - 1 एसएलआर राइफल, 2 इंसास राइफल और 1.303 राइफलें बरामद की गईं। इलाके में आगे तलाशी अभियान जारी है।

### पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

यह घटनाक्रम पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गाँव में तलाशी अभियान शुरू किया।

### दंतेवाड़ा में 29 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 अगस्त को, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में 55.50 लाख रुपये के इनामी 29 नक्सलियों ने बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि इनमें से 21 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में और आठ ने नारायणपुर में आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में 21 वामपंथी उग्रवादियों ने, जिनमें से 13 पर सामूहिक रूप से 25.50 लाख रुपये का इनाम था, सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि वे ₹अमानवीय और खोखली₹ माओवादी विचारधारा से निराश हैं।

### पुलिस के पुनर्वास अभियान से प्रभावित थे नक्सली

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने कहा कि वे पुलिस के पुनर्वास अभियान 'लोन वरार्टू' (गोंडी बोली में एक शब्द जिसका अर्थ है 'अपने घर/गाँव लौटना') और राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि इन 21 नक्सलियों में से, केय उर्फ ??केशा लेकाम प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) की कंपनी नंबर 1 का सदस्य था और उसके सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 12 नक्सली माओवादी संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। इनमें से छह पर 2-2 लाख रुपये, पाँच पर 1-1 लाख रुपये और एक नक्सली पर 50,000 रुपये का इनाम था।

# स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में भारत का बढ़ा मान

## नदी संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' को दुनिया ने सराहा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में नदी संरक्षण के लिए 'नमामि गंगे' को दुनिया की सराहना से भारत का मान बढ़ा है। स्टॉकहोम वर्ल्ड वॉटर वीक में इसकी भागीदारी भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जो जल संबंधी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अहम योगदान दे रही है।

गंगा नदी के विस्तृत प्रवाह वाले प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश नमामि गंगे कार्यक्रम का प्रमुख केंद्र रहा है। वाराणसी में रिवरफ्रंट विकास, कानपुर में सीवेज शोधन संयंत्रों की स्थापना तथा छोटे एवं मझौले नगरों में सामुदायिक भागीदारी आधारित पहलें इस अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं।

### 'नमामि गंगे' पहल आदर्श उदाहरण

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट किया कि जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण की समस्याओं का हल केवल नदी-बेसिनों के संरक्षण और प्रबंधन में ही छुपा है। इस संदर्भ में भारत की 'नमामि गंगे' पहल को आदर्श उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे अन्य देशों के लिए अनुकरणीय माना गया। प्रदूषण नियंत्रण, जैविक खेती, आर्द्रभूमि संरक्षण और जलवायु-स्मार्ट शहरी विकास जैसे कदमों ने इस मिशन को वैश्विक स्तर पर प्रेरणा का स्रोत बना दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का केंद्र बिंदु बना 'नदी शहरों की पुनर्कल्पनाः जलवायु-संवेदी और बेसिन-केंद्रित शहरी विकास', जिसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन , राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान



और जर्मन विकास सहयोग ने मिलकर नेतृत्व किया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण की चुनौतियों के बीच, नदी-केंद्रित विकास ही शहरों को टिकाऊ और सुरक्षित बना सकता है।

### ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव की नींव

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नमामि गंगे मिशन ने भारत में नदियों के पुनरुद्धार के लिए एक ऐतिहासिक नीतिगत बदलाव की नींव रखी है। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत अब तक 40 हजार करोड़ रुपये का भारी निवेश किया जा चुका है, जो गंगा और उसकी सहायक नदियों को उनके प्राचीन रूप में पुनः स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे मिशन एक जीवित उदाहरण है, जो यह साबित करता है कि जब आधुनिक तकनीक और नवाचार का संगम होता है, तो नदियों को पुनः जीवनदायिनी बनाने में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### विशाल जन आंदोलन में बदला गया

उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत की गई पहलें, जैसे हाइब्रिड एनीटी मॉडल आधारित एसटीपी, सोलर पावर्ड ट्रीटमेंट प्लांट और मृदा जैव प्रौद्योगिकी, वैश्विक मानकों को स्थापित करने में योगदान दे रही हैं। मित्तल ने इस बात पर भी जोर दिया कि इस कार्यक्रम को एक विशाल जन आंदोलन में बदला गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। वैश्विक सहयोगों की अहमियत को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व बैंक, जीआईजेड, सी-गंगा, नीदरलैंड्स और डेनमार्क का सहयोग नदी विज्ञान, जल सुरक्षा और प्रबंधन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### नदी-बेसिनों के सक्रिय संरक्षक के रूप में कार्य

विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है जब शहरों को केवल उपभोक्ता के रूप में नहीं, बल्कि नदी-बेसिनों के सक्रिय संरक्षक के रूप में कार्य करना होगा। जलवायु परिवर्तन के दौर में नदियों का संरक्षण अनिवार्य बन चुका है और इसके लिए नदी-केंद्रित शहरी विकास को अपनाना होगा। सत्र के समापन में यह महत्वपूर्ण संदेश सामने आया झ जब शहर मिलकर काम करेंगे और सीमा पार सोचेंगे, तो नदियों को बचाया जा सकता है और उन्हें समृद्ध भी किया जा सकता है। यही स्थिरता और समृद्धि का वास्तविक आधार होगा, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करेगा।

## राम भरोसे मैकू लाल इंटर कॉलेज में साइबर जागरूकता अभियान



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई पुलिस द्वारा राम भरोसे मैकू लाल इंटर कॉलेज में साइबर हेल्प डेस्क के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीजीआई कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रवि यादव ने बच्चों को विस्तार से साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए और किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए। छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके, पासवर्ड की सुरक्षा और डिजिटल माध्यमों में सतर्क रहने के गुर सिखाए गए। मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## यूपी में चली तबादला एक्सप्रेस, चार आईपीएस का बदला कार्यक्षेत्र

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार को कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। आईपीएस विजय सिंह मीना का तबादला लखनऊ से सीतापुर में हुआ है, वहां सिंह अपर पुलिस महानिदेश, पीटीसी के पद पर तैनात होंगे। आईपीएस आकाश कुलहरि को झांसी बतौर पुलिस महानिरीक्षक पर भेजा गया है, इससे पहले वह लखनऊ में पुलिस महानिरीक्षक, लोक शिकायत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईपीएस केशव कुमार चौधरी को झांसी से गाजियाबाद अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट के तौर पर भेजा गया है और आईपीएस कल्पना सक्सेना को गाजियाबाद से मेरठ बतौर पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ सेक्टर भेजा गया है। बता दें कि इससे पहले मंगलवार को पांच वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया था। डीजी उप्र पावर कारपोरेशन के पद पर तैनात रहे एमके बशाल को डीजी होमगार्ड बनाया गया है। बीते माह डीजी होमगार्ड बीके मौर्य के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त था।

## लखनऊ में तीन दिन और रुकेंगे शुभांशु शुक्ला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अंतरिक्ष के सितारे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गृहनगर लखनऊ में अभी तीन दिन और प्रवास करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि गृह नैमिषारण्य प्रबंधन को भी इससे अवगत करा दिया गया है। शुभांशु बुधवार को दोपहर बाद तक गेस्ट हाउस में ही रहे। परिवार संग सामान्य भोजन किया और ब्लैक काफी का भी आनंद लिया। शुभांशु शुक्ला को बुधवार को दिल्ली लौटना था, लेकिन इस शेड्यूल में बदलाव किया गया है। शुभांशु ने बुधवार को परिवार को अधिकतर वक्त दिया। माता-पिता और स्वजन से बातें कीं। बहन शुचि बताया कि वह (भाई) ज्यादातर समय गेस्ट हाउस में रहे। गेस्ट हाउस सूत्रों के मुताबिक शुभांशु ने सुबह के नाश्ते में आलू के पराठे और दही का जायका लिया। दोपहर में दाल-चावल, रोटी और पनीर की सब्जी, सलाद खाए। शाम को भी शुभांशु ने विशेष आर्डर नहीं किया। मेन्यू के अनुसार उन्हें खाना परोसा गया। गेस्ट हाउस में शुभांशु के साथ पत्नी कामना शुक्ला, बेटा कियांश, मां, पिता व बहन आदि हैं। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गत 25 जून को राष्ट्रीय एरोनाटिक्स एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासा) के साथ एक्सिओम मिशन-4 पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पहुंचे थे। वहां 18 दिनों तक रहकर 60 से अधिक प्रयोग किए। इसके बाद स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से पृथ्वी पर लौटे। 17 अगस्त को वह नई दिल्ली आ गए थे। तब से उनके गृहनगर आने की प्रतीक्षा सोमवार सुबह 8:45 बजे पूरी हुई। पहले दिन उनका व्यस्त शेड्यूल रहा। वह सुबह से दोपहर तक सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में ही रहे। दोपहर में गेस्ट हाउस आए और शाम को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए थे। दूसरे दिन सुबह सीएमएस अलीगंज शाखा गए। वहां विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके शाम को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से परिवार के साथ भेंट किया था।

## सीबीआई ने दस लाख की घूसखोरी में दो और आरोपियों को दबोचा

### नारकोटिक्स के इंस्पेक्टर ने नर्सिंग होम संचालक से की थी वसूली

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सीबीआई ने दस लाख रुपये की घूसखोरी के मामले में दो और आरोपितों सुनील जायसवाल व सुभाष जायसवाल को भी गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि प्रतिबंधित दवाओं व कोडीन सिरप की सप्लाई के मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) के निरीक्षक लखनऊ के जानकीपुरम क्षेत्र स्थित देवा नर्सिंग होम के संचालक गयासुद्दीन अहमद को फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपये वसूलने का षड्यंत्र रच रहे थे। यह खेल लगभग एक माह से चल रहा था।

सीबीआई ने इस मामले में मंगलवार को सीबीएन के तीन निरीक्षकों रवि रंजन, महिपाल सिंह व आदर्श योगी के अलावा गयासुद्दीन को गिरफ्तार किया था। घूसखोरी के मामले में बिचौलिये की भूमिका निभाग रहे गयासुद्दीन के करीबी सुनील व सुभाष जायसवाल को भी गिरफ्तार



किया गया है। मामले में अब तक छह आरोपित पकड़े गए हैं।

सीबीआइ की जांच में सामने आया कि सीबीएन के निरीक्षक महिपाल सिंह ने 23 जुलाई को गयासुद्दीन अहमद को अपने महानगर स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। कहा गया था कि प्रतिबंधित दवाओं व कोडीन सिरप की सप्लाई के मामले में गिरफ्तार आरोपित रौशन लाल ने उनकी भूमिका भी बताई है। इस पर गयासुद्दीन ने घूस में मांगी जा रही रकम का बंदोबस्त करने के लिए कुछ समय की मोहलत मांगी थी।

सूत्रों के अनुसार, इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने 22 अगस्त को एक नोटिस जारी कर गयासुद्दीन को तलब किया था। तब गयासुद्दीन की ओर से एक महिला अधिवक्ता ने इंस्पेक्टर महिपाल सिंह से बात की थी। इसके बाद गयासुद्दीन के करीबी सुनील जायसवाल इंस्पेक्टर रवि रंजन से संपर्क साधा था।

सुनील ने गयासुद्दीन को बताया था कि उन्हें 26 अगस्त से पहले सीबीएन के निरीक्षक के समस्त प्रस्तुत होना होगा। 26 अगस्त को गयासुद्दीन व सुनीन जायसवाल सीबीएन के कार्यालय गए थे, जहां पहले दो लाख रुपये दिए गए। इसके बाद गयासुद्दीन ने बेटे काकूब को फोन का आठ लाख रुपये और मंगाए थे। सीबीआइ की टीम ने घूस दिए जाने के दौरान ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया था। पूरे मामले में कुछ अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अधिकारी से 1 करोड़ 29 लाख रुपये की करी ठगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने बीते दिनों एक रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अधिकारी से 1 करोड़ 29 लाख रुपये की ठगी कर ली। खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने इसकी तहरीर सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सरोजनीनगर के सैनिक हाउसिंग सोसायटी कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह (70) के मुताबिक उनके 100 वर्षीय पिता हरदेव सिंह मर्चेंट नेवी अधिकारी पद से रिटायर्ड हैं। सुरेंद्र पाल का कहना है कि 20 अगस्त को उनके पिता हरदेव के मोबाइल पर एक कॉल आयी। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी आलोक सिंह बताया और कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज होने के साथ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। ठग ने हरदेव के व्हाट्सएप पर कथित ₹डिजिटल अरेस्ट₹ का फोटो भी भेजा और डराकर बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर ली। आरोप है कि ठगों ने लगातार दबाव बनाकर सुरेन्द्र पाल सिंह से उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अलग-अलग खातों में धनराशि ट्रांसफर कराई। 21 से 26 अगस्त के बीच उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा भावनगर, आईसीआईसीआई पौड़ा और जलगांव फाटा स्थित खातों में क्रमशः 32 लाख, 45 लाख, 45 लाख और 7 लाख रुपये जमा कराए। इस तरह कुल 1 करोड़ 29 लाख रुपये ठगों ने अपने कब्जे में ले लिए। पीड़ित का कहना है कि ठग लगातार उन्हें आश्वस्त करता रहा कि जांच पूरी होने पर पैसा वापस कर दिया जाएगा। लेकिन जब शाम तक रकम वापस नहीं हुई तब उन्हें खुद के साथ धोखाधड़ी होने का अहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने आनन फानन साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यूपी में खेल सामग्री निर्माण के लिए खुलेगी औद्योगिक क्लस्टरों की राह

### नीतिगत सहयोग और आधुनिक ढांचे की रखी गई मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश अब खेल सामग्री निर्माण को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्पोर्ट्स सिटी मेरठ के मजबूत खेल उद्योग को आधार बनाकर राज्य के अन्य हिस्सों में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इस पहल से बेहतर बुनियादी ढांचा, रोजगार के नए अवसर, सुव्यवस्थित लाजिस्टिक्स, निवेश बढ़ोतरी और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी। औद्योगिक क्लस्टर बनने से स्थानीय उद्यमियों को आधुनिक तकनीक और बाजार तक आसान पहुंच मिलेगी, जिससे उनका व्यवसाय और प्रतिस्पर्धी बन सकेगा।

बुधवार को इस विषय पर इन्वेस्ट यूपी ने खेल विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों और संगठनों के साथ संवाद किया। बैठक में स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, फिक्की, मेरठ के खेल उद्यमी और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चर्चा का फोकस यह रहा कि मेरठ की मजबूती को आधार बनाकर पूरे प्रदेश में खेल उद्योग को फैलाया जाए। खेल सामान निमार्ताओं ने सरकार से बेहतर नीतिगत सहयोग, आधुनिक ढांचे और लाजिस्टिक्स सुविधाओं की मांग रखी। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि राज्य में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022, एफडीआई पॉलिसी -2023 और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे ठोस फायदे मौजूद हैं। अधिकारियों ने कहा कि औद्योगिक क्लस्टर न सिर्फ खेल उद्योग को मजबूती देंगे, बल्कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी अहम योगदान देंगे। प्रदेश में पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, खेल विश्वविद्यालय और 150 से अधिक ब्लाक स्तरीय मिनी स्टेडियम मौजूद हैं। ऐसे में फिटनेस उपकरण और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कारोबार को भी गति मिलने की संभावना है। बैठक में अनमोल महाजन (मेटको स्पोर्ट्स), तहसीन जाहिद (कौशल विकास मंत्रालय), जय श्रीवास्तव और कनिष्क पांडे (फिक्की), सृष्टि सक्सेना (साई स्पोर्ट्स), धनंजय तेवथिया (नवीन ग्रुप स्पोर्ट्स), हिमांशु मेहता (जेकेसी स्पोर्ट), जागृति (एनईएस वाटर स्पोर्ट्स) और संजय कुमार (भल्ला इंटरनेशनल) जैसे उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## यूपीएसएसएससी पीईटी छह और सात सितंबर को, शामिल होंगे 25 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) छह और सात सितंबर को प्रदेश के 48 जिलों में दो पालियों में आयोजित करने का कार्यक्रम तय कर लिया है। परीक्षा को लेकर आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा में 25 लाख 32 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। इससे पहले हुई परीक्षा में भी लगभग 25 लाख अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने बुधवार को परीक्षा जनपद की सूचना जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेगमेंट में उपलब्ध विकल्प पर क्लिक करके अपना परीक्षा जनपद देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें आवश्यक विवरण भरना होगा। हालांकि आयोग ने कहा है कि यह केवल परीक्षा जनपद की सूचना है, प्रवेश पत्र नहीं। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को आयोग से जारी वैध प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र जल्द ही आयोग की मुख्य वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की जानकारी समय से वेबसाइट और अभ्यर्थियों को भेजे गए ईमेल के माध्यम से दी जाएगी। आयोग ने बताया कि पंजीकृत ईमेल पर परीक्षा जनपद और प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक भी भेजा जाएगा। आयोग के अधिकारियों के अनुसार इस परीक्षा को सुचारु रूप से कराने के लिए सभी जिलों में व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोग ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय-समय पर आयोग की वेबसाइट चेक करते रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

## बगैर समाधान किए शिकायतें निस्तारित दिखाने पर नाराज हुए ऊर्जा मंत्री

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ऑनलाइन माध्यमों से आने वाली उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों का समाधान किए बिना ही निस्तारित दिखाए जाने पर नाराजगी जताई है। विद्युत वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया है कि ऐसे मामलों में जांच करते हुए दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

बुधवार को ऊर्जा विभाग की ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समस्याओं का समाधान किए बगैर ही निस्तारित दिखाना जनता के साथ अन्याय है। ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति पर नाराजगी जताई। ऊर्जा मंत्री ने प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को निर्देशित किया कि वह जनता के फोन काल्स और शिकायतों पर तत्काल रिस्पांस दिया करें।

### मंत्री ने हाइवे पर हो रही विद्युत चोरी

रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करते हुए अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने विभागीय कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अध्यक्ष ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में अच्छा काम नहीं करने वाले अधीक्षण अभियंताओं के स्थान पर सक्षम अधिकारियों को चार्ज दिया जाए।

## मोबाइल चोरी करने वाले युवक को लोगों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को झुग्गी के अंदर घुसकर मोबाइल चोरी करने वाले युवक को लोगों ने रंगे हाथों धर दबोचा। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मूल रूप से गोरखपुर जिले के चिलुवा ताल थाना अंतर्गत चिवटी जाम निवासी धन्नजय कुंवर वर्तमान में बिजनौर थाना क्षेत्र के स्वप्निल सिटी, कल्प सिटी के पास झुग्गी बनाकर रहते हैं। धनंजय के मुताबिक बीती 26 अगस्त की भोर लगभग 4 बजे उनकी झुग्गी से अज्ञात चोर ने उसका कीमती वीवो मोबाइल पार कर दिया। यही नहीं, उसने धनन्जय के पड़ोसी संतोष बसुर का कीमती रेडमी तथा नसरीन सिद्दीकी का बीमती ओप्पो मोबाइल भी उठा ले गया। सुबह चोरी का पता चलने पर पीड़ितों ने पूरे दिन खोजबीन की। इसी दौरान शाम करीब पांच बजे लोगों को संदिग्ध युवक चोरी किए गए मोबाइलों के साथ मिल गया। इस पर उन्होंने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिजनौर के सरवन नगर निवासी विनोद कुमार बताया। बाद में लोगों ने उसे पकड़कर बिजनौर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया और आरोपी के खिलाफ रियोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कासगंज के चंदन गुप्ता की हत्या में सजा काट रहे सलीम की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : कासगंज के चंदन गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा के तहत लखनऊ जेल में बंद सलीम की बुधवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिला कारागार, लखनऊ प्रशासन ने इसकी सूचना दी है। चंदन हत्याकांड के मुख्य आरोपी सलीम की मौत के बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

कासगंज शहर में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा और पथराव के बाद चंदन गुप्ता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले के सलीम जिला कारागार, लखनऊ गोसाईगंज में आजीवन कारावास की काट रहा था। सलीम का एक महीने से



लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के बाद केजीएमयू में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान केजीएमयू में उसकी मौत हो गई।

सलीम का किडनी रोग का इलाज चल रहा था। कासगंज निवासी सलीम पुत्र बरकतउल्ला, उम्र 48 वर्ष चंदन हत्याकांड के साथ ही कई अन्य मामलों में भी नामजद था। विभिन्न धाराओं में अभियुक्त के रूप में निरुद्ध सलीम की तबीयत खराब होने पर उसे जेल के चिकित्सक ने 30 जुलाई को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बलरामपुर लखनऊ भेजा था।

जहां से 16 अगस्त को उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ रेफर किया गया था। वहां पर उसको भर्ती कराया गया और इलाज चल रहा था। चिकित्सकों के आवश्यक उपचार प्रदान करने के बावजूद सलीम की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। 26 अगस्त की रात को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना जेल प्रशासन ने तत्काल संबंधित अधिकारियों और सलीम के परिवारीजन को दे दी।

### कासगंज में 26 जनवरी 2018 को निकाली गई थी तिरंगा यात्रा

कासगंज शहर में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। यात्रा का नेतृत्व अभिषेक गुप्ता उर्फ चंदन गुप्ता के हाथों में था, उसी दौरान दो समुदायों के बीच विवाद हो गया और दंगा भडक गया था। दंगे में चंदन गुप्ता की गोली लगने से मौत हो गई थी। चंदन गुप्ता का अंतिम संस्कार भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया था। इस घटना के बाद सात दिनों तक शहर आग से सुलगता रहा था। इस मामले में लखनऊ स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया था। सबूतों के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया गया था और 28 को दोषी ठहराया गया था। सभी आरोपी लखनऊ जेल में सजा काट रहे हैं।

## गवाह को खुलेआम जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाने में दर्ज एक मामले के गवाह को खुलेआम जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जानकीपुरम निवासी व अवध रेल इंफ्रा लिमिटेड में मैनेजर लीगल पद पर कार्यरत अविनाश सिन्हा के मुताबिक वह बीती 21 अगस्त को अपने सहयोगी राजन कन्नौजिया के साथ कंपनी के कार्य से कार से अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री जा रहे थे। तभी रास्ते में शहीद पथ स्थित पेट्रोल पंप से आगे एडब्ल्यूएचओ अपार्टमेंट के पास दो मोटरसाइकिल सवार उनकी गाड़ी के सामने आकर रुक गए। इनमें से एक युवक गाड़ी से उतरा और गालियां देने लगा। उसने धमकी दी कि यदि अविनाश सिन्हा ने रोहित श्रीवास्तव के खिलाफ अदालत में दिया गया आवेदन वापस नहीं लिया और गवाही देने अदालत पहुंचे तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित अविनाश का कहना है कि वे मुकदमा संख्या 140/2024 धारा 409 भादवि में वादी हैं तथा अन्य संगीन धाराओं वाले मुकदमे में गवाह भी हैं। आरोप है कि इससे पहले भी रोहित श्रीवास्तव ने 22 जनवरी 2024 को उनके व्हाट्सएप पर धमकी भेजी थी। घटना के समय पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल की, लेकिन कॉल नहीं लगी। बल्कि वर्तमान समय उक्त सेवा बाधित होने का सन्देश मिला। तब पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी रोहित श्रीवास्तव और अज्ञात हमलावरों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

## आग से झुलसे युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

बीघापुर, उन्नाव। घरेलू विवाद के चलते रेलवे के कर्मचारी ने अपने व अपने पिता पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी झुलसे हुए पिता पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान पुत्र की मौत हो गई वही पिता जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है थाना बिहार क्षेत्र के ग्राम मोहकमगंज मजरा सीजनी सोहरामऊ निवासी कन्हैया लाल रेलवे विभाग में कर्मचारी थे जिन्होंने अपने नौकरी कार्यकाल में अपनी नौकरी अपने छोटे पुत्र संतोष 30 वर्ष को दिला दिया परिजनो ने बताया कि जमीन बंटवारे को लेकर भाइयों व पिता के बीच विवाद होने लगा तीन दिन पूर्व संतोष घर में पेट्रोल अपने ऊपर डाला और अपने पिता पर डाल कर आग लगा दी जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गए परिजनो ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान संतोष की मौत हो गई वही पिता का इलाज किया जा रहा है मृतक के एक 3 वर्ष का पुत्र है युवक की मौत से पत्नी कृति समेत परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

## मजदूरी का रुपया न मिलने पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटेढा के रहने वाले छेदीलाल कोरी का बीस वर्षीय पुत्र मोहित अलीगढ़ में एक भठ्ठे में रहकर काम करता था। परिजनों के मुताबिक गांव के ही रहने वाले हंसराज रावत मजदूरों के ठेकेदार हैं जो भठ्ठे में मजदूरों को लेकर जाया करते हैं उन्हीं से इनको कुछ पैसा मिलना था। लेकिन हंसराज पैसा देने से इनकार कर रहे थे। कई बार थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाई नही हुई। भाई रोहित ने बताया कि मंगलवार की शाम को भी थाने गए थे और मृतक मोहित ने कहा था कि अब आखिरी बार थाने आए हैं। वह उदास रहता था। बुधवार की भोर पहर उसने घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर जामुन के पेड़ पर रस्सी के सहारे उसने फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी होने पर सैकड़ों लोगो की भीड़ जमा हो गई। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक की मां छेदाना भाई सोहित, रोहित, सुजीत का रो रो कर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंपेक्टर कुँवर बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जैसा होगा वैसी कार्यवाही की जाएगी।

## नशेबाज युवक ने पुलिस को दी अपनी मां की मौत की फर्जी सूचना

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अनवर खेडा गांव निवासी हीरा लाल ने पीआरवी पुलिस को फोन कर सूचना दी कि पड़ोसी महिलाओं द्वारा उसकी माँ के साथ मारपीट की गयी है जिससे उनकी मौत हो गयी घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे तो पता चला कि ऐसी कोई घटना ही नहीं हुई जिस पर सूचना देने वाले युवक की तलाश की तो पता चला कि वह मोबाइल फोन बंद कर कहीं छिप गया युवक नशे की हालत में पुलिस को गलत सूचना दी थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि युवक द्वारा नशे की हालत में पीआरवी पुलिस को गलत सूचना दी गयी थी

# बीपैक्स कर्मचारियों ने उर्वरक वितरण कार्य किया बंद



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीपैक्स कर्मचारियों ने उर्वरक वितरण कार्य बंद कर दिया है। मंगलवार को जनपद की कई बीपैक्स समितियों में उर्वरक वितरण के दौरान सचिवों के साथ अभद्र व्यवहार की घटनाएं हुईं। कुछ स्थानों पर तोड़फोड़ भी की गई। बुधवार को निराला उद्यान में आयोजित आपात बैठक में कर्मचारियों ने फैसला लिया। दोषियों की गिरफ्तारी तक उर्वरक वितरण और अन्य कार्य बंद रहेंगे। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।उर्वरक वितरण के दौरान पुलिस और पीएसी बल की व्यवस्था प्रत्येक बीपैक्स को 450-500 बोरी यूरिया, डीएपी व एनपीके की उपलब्धता छोटी खेपों की पुरानी परंपरा को समाप्त करना कृषक की जोत के अनुसार उर्वरक की लिमिट का सॉफ्टवेयर में पंजीकरणकर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नियमित वेतन नहीं मिलता। बिना वेतन काम करने के बावजूद उन्हें अपमानित होना पड़ रहा है। समस्याओं का समाधान न होने पर सामूहिक त्यागपत्र की चेतावनी दी है। जिलाध्यक्ष संदीप दीक्षित, महामंत्री शिवनरायन तिवारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। उर्वरक वितरण बंद होने से किसानों को परेशानी हो रही है। खेती कार्य प्रभावित होने की आशंका है। कर्मचारियों का कहना है कि सुरक्षा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## बारिश से कच्चा मकान गिरा 9 बकरी दबी, दो की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौरावा, उन्नाव। लगातार हो रही बारिश से एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। कोठरी में बंधी नौ बकरियों में दो की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। उसके बाद मौके पर पहुंचे लेखपाल ने रिपोर्ट तैयार कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।मौरावां थाना क्षेत्र के भवानीगंज गांव के रहने वाले लालमोहम्मद का बेटा सलीम अपने परिवार को लेकर एक कच्चे मकान में रहता था। कई बार आवास के लिए आवेदन भी कर चुका है। लेकिन अभी तक उसको एक आवास मुहैया नही कराया गया है। बीते दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से मंगलवार की रात उसका मकान2 भरभराकर कर गिर गया। सलीम अपने परिवार के साथ बगल में रखी टीन के नीचे सो रहे थे। कच्चे मकान में 9 बकरियां बंधी थी। मकान गिरने के बाद सलीम जोर जोर से चिल्लाने लगा। उसके बाद आसपास के लोग आकर मलबा हटाया और मलबे में दबी 9 बकरियों में 2 की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य को मामूली चोटें आईं हैं।उसके बाद मलबे में दबा समान निकलवाया। जानकारी पर इंपेक्टर कुंवर बहादुर सिंह पहुंचकर जांच पड़ताल की। बुधवार की सुबह पहुंचे लेखपाल नंदलाल ने जांच पड़ताल किया। उसके बाद शासन को भेजने के लिए रिपोर्ट तैयार कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक की दुकानों का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने कदम उठाया है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने सिकन्दरपुर करन क्षेत्र की उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने दुकानों के स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, वितरण रजिस्टर और कैश मेमो की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने पर कृष्णा कीटनाशक केंद्र और रावल शिवम्बीज भंडार के खिलाफ कार्रवाई की गई। शारदा कृषि सेवा केंद्र को दुकान बंद मिलने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया। साधन सहकारी समिति लिमिटेड मनोहरपुर गड़ारी में खाद का वितरण सुचारू पाया गया। जिला कृषि अधिकारी ने सभी विक्रेताओं को निर्देश दिए कि उर्वरक की बिक्री नियमानुसार करें। दुकानों पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड और संस्तुत मात्रा का बैनर लगाना अनिवार्य किया गया है। किसानों को केवल निर्धारित मूल्य पर ही खाद देने के निर्देश दिए गए हैं।किसानों की शिकायतों के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम शुरू किया गया है। कार्य दिवस में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक 783982173 और 9214848105 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। प्रशासन का लक्ष्य है कि बाढ़ और मौसम की चुनौतियों के बीच किसानों को समय पर उचित दर पर खाद मिल सके। इसके लिए नियमित रूप से दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर 4 वर्षीय मासूम की मौत




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव नानमऊ निवासी संचालिका पुत्री सुनीत उम्र 04 वर्ष की आंगनवाड़ी विद्यालय से घर आते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। 4 वर्षीय संचालिका सुमेरपुर बक्सर रोड के किनारे स्थित आंगनबाड़ी विद्यालय नानमऊ गई थी दोपहर लगभग 12 बजे छुट्टी होने पर पैदल घर वापस आ रही थी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे संचालिका घायल हो गई सूचना पर पहुंचे पिता सुमित कुमार व माता सरिता देवी ने ऊंच गांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां गंभीर स्थिति देखते हुए बालिका को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा गया है। दिवंगत की एक बड़ी बहन संध्या व माँ सरिता का रो रो बुरा हाल है।

# घट -बढ़ रहा है गंगा नदी का जलस्तर, कई इलाकों में घुसा पानी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 68 सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। इससे नगर के तटीय इलाकों और कॉलोनियों में बाढ़ का पानी घुसा हुआ है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 112.780 मीटर था। यह मंगलवार शाम तक घटकर 112.720 मीटर और बुधवार सुबह 112.680 मीटर दर्ज किया गया। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित मोहल्लों में गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा समेत कई इलाके शामिल हैं। इन क्षेत्रों में घरों के अंदर और आसपास पानी भरा है। लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरी मंजिलों और छतों पर शरण लेनी पड़ी है।बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित मोहल्लों में गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा समेत कई इलाके शामिल हैं। इन क्षेत्रों में घरों के अंदर और आसपास पानी भरा है। लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरी मंजिलों और छतों पर शरण लेनी पड़ी है। कुछ ऊंचे इलाकों से पानी निकलना शुरू हुआ है। निचले क्षेत्रों और खाली प्लॉटों में जमा पानी से दुर्गंध और मच्छरों की समस्या बढ़ गई है। गंदा पानी और नमी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा है।स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतने की अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त चिकित्सा और राहत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई परिवार खुले में भोजन बनाने को मजबूर हैं। छोटे बच्चे और बुजुर्ग अस्वस्थता का शिकार हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि बचे हुए पानी की निकासी के लिए पंपिंग सेट और अन्य इंतजाम किए जाएं ताकि जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल हो सके। साथ ही राहत सामग्री और स्वास्थ्य शिविरों की भी मांग की गई है।

# वित्तीय साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

असोहा, उन्नाव। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय समवेशन सन्त्रपति अभियान के अंतर्गत आज ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक आनन्द शर्मा ने कहा कि ग्रामीण भारत में अब डिजिटल लेनदेन पर ज्यादा आत्म निर्भर हो रहा है उन्होंने कहा कि आज के तकनीकी युग मे डिजटल धोखाधड़ी से बचने तथा इसमें लोगो को जागरूक होना अति आवश्यक है



कार्यक्रम में सोनालीदास महाप्रबंधक भरतीय रिजर्व बैंक लखनऊ ने लोगो को सम्बोधित करते हुए सरकाकर द्वारा चलाई जा रहि विभिन्न समाजिक सुरछा , प्रधानमंत्री जन धन योजना ,प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना , प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना , अटल पेंशन योजना ,ओर अन्य सामाजिक योजनाओं पर विस्तार से बताया ।आंचलिक प्रबंधक बैंक आफ इंडिया से आर के गौतम ने ग्रामीणों को इन सभी योजनाओ से जुड़ने तथा री के वाई सी प्रक्रिया को पूरा करने के लिये लोगो को प्रोत्साहित किया । इस दौरान शंकर लाल शाखा प्रबंधक , शुभम मिश्र ,शाखा प्रबन्धक ,यादवेंद्र प्रताप सिंह , गौरव कुमार ,प्रतीक यादव सहित अन्य बैंक अधिकारी तथा गुड्डू भदौरिया , शुभाष रावत , सन्दीप यादव , भगवान बक्श लोधी ,पुनीत सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# सई नदी का बढ़ा जलस्तर धान की फसल हुई जल मग्न



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में सई नदी का जलस्तर बढ़ने से बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। नदी के किनारे बसे 25 गांवों में धान की फसल जलमग्न हो गई है। तहसीलदार अविनाश चौधरी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम गांव-गांव जाकर नुकसान का आकलन कर रही है। लेखपाल किसानों के साथ मिलकर प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर रहे हैं। सरकार ने प्राकृतिक आपदा के तहत किसानों को मुआवजा देने का निर्णय लिया है। जिन किसानों की फसल बाढ़ में डूब गई है, उन्हें नुकसान की भरपाई की जाएगी। सर्वे के बाद मुआवजे की राशि का निर्धारण किया जाएगा।

# घर से लापता युवती का तालाब में उतराता मिला शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव सरहा निवासी एक युवती दो दिन पूर्व शाम को घर से शौच के लिए निकली थी उसका शव बुधवार को वर्धाई गांव के समीप स्थित तालाब में उतराता मिला। शव मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव सरहा निवासी राम खेलावन की लगभग उन्नीस वर्षीय पुत्री सोनम सोमवार शाम घर से शौच जाने के लिए निकली थी। किन्तु वह घर वापस नहीं आई, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन पता न चलने पर मंगलवार को थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू की। इस बीच बुधवार को सरहा और वर्धाई गांव के बीच एक तालाब में सोनम का शव उतराता मिला। शव मिलते ही कोहराम मच गया और किशोरी के परिजनों सहित ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव तालाब से निकलवाकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं होती रहीं। मृतका सोनम दो बहन एवं एक भाई में सबसे बड़ी थी। सोनम की मौत के बाद से मां जयश्री उर्फ गुड्डी बहन एवं भाई सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया श्री गणेश महोत्सव, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत दयालपुर में लगातार नौ वर्षों से आयोजित हो रहे श्री गणेश महोत्सव की इस वर्ष नौवीं स्थापना बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ की गई। विगत आठ वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी आचार्य संतोष शुक्ल जी के द्वारा श्री गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस पावन अवसर पर ग्राम प्रधान फतेहबहादुर सिंह, मनोज शंकर शुक्ला, सुनील मिश्र, दिलीप मौर्य, सुमित सिंह, दीपू सिंह, सुखवीर सिंह, अनुराग, दिवाकर, रामआसरे, सुजीत, अगम, शिवओम, महेश, हर्षित सहित सैकड़ों श्रद्धालु ग्रामीण पंडाल में एकत्र हुए और पूजन-अर्चन में भाग लिया। स्थानीय क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजकों को विधिवत परमिशन दी गई थी और उन्होंने पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से यह स्थापना कार्यक्रम संपन्न किया। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्री गणेश महोत्सव के इस आयोजन ने ग्राम दयालपुर में एक बार फिर धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बना।

# तिलहनी फसलों के उत्पादन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा एवं कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबिल आयल ( आयल सीड ) योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बीघापुर विकासखण्ड में किया गया । यह प्रशिक्षण 27 व 28 तक चलेगा । प्रशिक्षण में कुल 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को तिलहन उत्पादन हेतु प्रेरित करना एवं तिलहन फसल की उन्नतशील खेती हेतु तकनीकी जानकारी देना है, जिससे जिले में तिलहन उत्पादन का क्षेत्रफल बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सुनील सिंह ने किसानों को तिलहन की उन्नत प्रजातियों, उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकियों एवं आई पी एम तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की ,इसके अलावा पशु पालन में रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई ।कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ अर्चना सिंह ने किसानों को तिलहनी फसल अपनाने के फायदे बताने के साथ साथ दैनिक भोजन में रिफाइंड तेल के स्थान पर सरसों, तिल, अलसी, मूंगफली एवं सूरजमुखी के तेल को शामिल करने हेतु प्रेरित किया जिससे हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव किया जा सके और यह तभी संभव है जब किसान भाई इन फसलों को अपने फसल चक्र में शामिल करेंगें ।मृदा स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु मिट्टी की जांच एवं अन्य विभिन्न पहलुओं पर भी जानकारी साझा की । बीज भंडार प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने कृषि विभाग की प्रमुख जानकारी से कृषकों को अवगत कराया ।उक्त कार्यक्रम में अमित यादव, आदर्श कुमार, प्रदीप कुमार, कुलदीप कुमार,गौरव एवं अजय आदि उपस्थित रहे ।

# गजानन महराज का हुआ आगमन गणेश पूजन का किया गया शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बा के मोटेश्वर मंदिर स्थित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में श्री गणेश महोत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव का आयोजन किया गया। कई वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। गणेश जी को ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना जाता है। वे गजानन, धूम्रकेतु, एकदंत, वक्रतुंड और सिद्धि विनायक जैसे कई नामों से विख्यात हैं। मान्यता है कि गणेश जी की पूजा से सुख-समृद्धि आती है और सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। घर में गणेश स्थापना से सभी बाधाएं दूर होती हैं। यह त्योहार पूरे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसका विशेष महत्व है आज से शुरू इस महोत्सव के प्रथम दिन प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया जुड़े पत्रकारों के साथ श्रदलुजनों ने गणेश जी पूजा अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया कार्यक्रम समिति के राम जीवन विमल आशीष कुमार विमल ने आए हुए सभी भक्तगणों का अभिनंदन किया।

# दो सहकारी समिति पर किसानों ने की गाली-गलौज

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में खाद वितरण के दौरान दो सरकारी केंद्रों पर उग्र हुए किसानों ने गाली गलौज व मारपीट की दोनों स्थानों के सचिवो द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है पुलिस मामले की कार्यवाही में जुटी हुई है। बांगरमऊ तहसील क्षेत्र स्थित सरकारी खाद विक्रय केंद्र माढापुर के सचिव आलोक कुमार ने तहरीर देकर कहा है कि बीते 26 अगस्त को वह खाद वितरण कर रहे थे तभी फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र निवासी मुनेंद्र सिंह यादव नामक व्यक्ति अपने भाई के साथ आया और खाद लेने का दबाव बनाने लगा जब उन्होंने भारी भीड़ के बीच समभाव से खाद लेने की बात कही तो वह गाली गलौज करता हुआ मारपीट करने लगा तथा गोदाम से खाद निकालने लगा जिसका विरोध करने पर किसानों के जमा आधार कार्ड फेंक दिए तथा वितरण मशीन फेंक दी तथा जानमाल की धमकी देते हुए चला गया।पीड़ित सचिव की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है। इसी क्रम में गांव खंभोली केंद्र के प्रभारी प्रताप ने भी पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 26 अगस्त को दोपहर करीब खंभोली गांव निवासी एक युवक आया तथा 50 बोरी खाद की मांग करने लगा जब उन्होंने भीड़ का हवाला देते हुए नियमानुसार खाद लेने की बात कही तो वह उग्र होकर गाली गलौज कर पत्थर बाजी करने लगा इस दौरान केंद्र की खिड़की के शीशे टूट गए तथा सहकर्मियों द्वारा केंद्र के अंदर बंद रहकर किसी तरह अपना बचाव किया।सचिव ने आरोप लगाया कि आरोपी ने जातिसूचक गाली देते हुए जानमाल की धमकी दी है साथ ही आरोपी को अपराधी किस्म का बताते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।पुलिस मामले की कार्यवाही में लगी हुई है।

## खाद की किल्लत से परेशान किसान, सुबह से लगा रहे लाइन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों को अब तक कोई राहत न मिलने पर जबरजस्त आक्रोश व्याप्त है । भूखे प्यासे किसान रोज सुबह समितियों के पास आकर लाइन में लग जाते है। खाद उपलब्ध होने के बावजूद सचिव खाद नही बाट रहा । समिति पर ताला देख किसान माथा पीट कर चला जाता है। औरास साधन सहकारी समिति पर सैकड़ो बोरी यूरिया खाद उपलब्ध होने के बावजूद तीन दिनों से गोदाम पर ताला लटक रहा है। खाद का बितरण नही हो रहा । लगता है गोल माल होने वाला है। बुधवार को सैकडो किसान समिति के बाहर खाद लेने के लिए डटे रहे । किसानों की चहलकदमी देख कर थाने से दो सिपाही समिति के पास आकर किसानों की लाइन लगवा दी। जहाँ थोड़ी देर बाद पता चला कि सचिव खाद बाटने नही आएगा। जिस पर सिपाही वापस थाने चले गए । इसके बावजूद किसान डटे रहे । इसी बीच हसनगंज तहसीलदार अविनाश चौधरी समिति पर पहुँच कर ताला लटकता देख किसानों से वार्ता करके चले गए।वो भी खाद नही बटवा सके । बिगड़ते हालत को सुधारने का कोई प्रयास नही किया जा रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश है । यही हाल यहाँ की आधा दर्जन अन्य समितियों का है। खाद न बितरण करने का जब सचिव आलोक से बात करनी चाही गई तो उनका मोबाइल स्वीच आफ जा रहा था। किसान बेबस कोई सुनने वाला नही है।

## सम्पादकीय

# भारत को सचेत आर्थिक सुधारों की त्वरित जरूरत

मौजूदा खौफनाक टैरिफ दौर में भारत को अपने सचेत आर्थिक सुधारों की जरूरत है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए आर्थिक सुधारों का खाका पेश किया है। इससे पहले भी अनेक अर्थशास्त्रियों, वित्तीय संगठनों ने भारत में अगले चरण के आर्थिक सुधार में तेजी लाने का सुझाव दिया है। इसी वर्ष फरवरी में विश्व बैंक ने भारत को चिली, दक्षिण कोरिया, पोलैंड का उदाहरण देते हुए सुझाव दिया कि उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के लिए तेजी से नए सुधार की जरूरत है। वर्ष 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे बाद की सरकारों ने आगे बढ़ाया। अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री रहे डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सुधारों में और तेजी आई। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तो कई सुधार किए गए। जनधन, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीएसटी, नोटबंदी, पीएलआई, एफडीआई नियमों में ढील समेत अनेक सुधार किए गए, लेकिन कुछेक वर्षों से देश में आर्थिक क्षेत्र में नीतिगत स्टैगनेशन है। अभी जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में उच्च टैरिफ वार छेड़ा है, उससे वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। इसी के साथ भारत ने जो अपने लिए वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे देखते हुए देश में अगले चरण के आर्थिक सुधार की शिद्दत से जरूरत महसूस हो रही है। सीआईआई ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सुधार का जो खाका पेश किया है, उसमें सरलीकृत जीएसटी संरचना, गैर-रणनीतिक सावजनिक उपक्रमों का निजीकरण, युक्ति संगत शुल्क संरचना, विवादों के शीघ्र समाधान, राष्ट्रीय रोजगार और गिग अर्थव्यवस्था नीतियों पर जोर दिया गया है। सुधार के क्षेत्रों में राजकोषीय सूझबूझ, मुद्रास्फीति प्रबंधन और आधुनिक सांख्यिकीय प्रणालियां, गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, एक संप्रभु धन कोष का निर्माण, छोटे उल्लंघनों का गैर-अपराधीकरण, समयबद्ध अनुमोदन, एकल-खिड़की मंजूरी और दूसरी पीढ़ी के आईबीसी सुधार, सुव्यवस्थित श्रम संहिताएं, न्यूनतम वेतन रूपरेखा और त्वरित विवाद समाधान शामिल हैं। उद्योग मंडल ने ऊर्जा नीति सुधारों की भी सिफारिश की है, जिनमें प्रतिस्पर्धी शुल्क, क्रॉस-सब्सिडी यानी एक की कीमत पर दूसरे को सब्सिडी की व्यवस्था समाप्त करने, मजबूत पारेषण नेटवर्क, परमाणु ऊर्जा में निजी भागीदारी और हरित हाइड्रोजन खाका की बात है। 15 अगस्त को लाल किले से पीएम मोदी ने जीएसटी में सुधार का ऐलान किया और सरकार जीएसटी के चार से दो स्लैब करने की तैयारी कर रही है। विश्व बैंक ने फरवरी की रिपोर्ट में कहा था कि भारत को 2047 तक उच्च आय की स्थिति तक पहुंचने के लिए 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसतन 6.3 प्रतिशत की विकास दर रही है। संकेत साफ है कि जीडीपी में गति लाने के लिए धरेलू खपत के साथ निर्यात अर्थव्यवस्था की रफ्तार निरंतर बनाए रखनी होगी। भारत को सार्वजनिक व निजी निवेश में जीडीपी के 40 फीसदी तक वृद्धि, एफडीआई के नए द्वार खोलने, श्रम शक्ति भागीदारी को 70 फीसदी के स्तर पर ले जाना, नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा, स्ट्रक्चरल सुधार व प्रौद्योगिकीकरण में तेजी, राज्यों में आर्थिक समावेशन व गतिविधियों को तेज करने के साथ उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाना होगा। निर्यात के लिए एफटीए के जरिये नए बाजार का जाल तैयार करना होगा।

पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत



# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ रही आपदाएं व इंसानी दखल

बीते कुछ सालों से हिमालय का पर्वतीय अंचल आपदाओं के कहर से दो-चार हो रहा है। वह चाहे 2013 की केदारनाथ की आपदा हो, 2021 में ऋषिगंगा की आपदा हो, सिक्किम की 2023 की ल्होनक में ग्लेशियर झील के फटने की हो, जोशीमठ की भूधंसाव की घटना हो, बीते दिनों धराली और किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना हो या फिर बीते रविवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी में बादल फटने तथा जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भूस्खलन की घटना हो, इन सबके पीछे जलवायु परिवर्तन तो एक अहम कारण है ही। मानसून कहें या मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव, अरब सागर में गर्म होती हवायें, मध्य एशिया में तेजी से बढ़ता तापमान और दक्षिण - पश्चिमी हवाओं का उत्तर की ओर झुकाव के साथ उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में बारिश का तूफानी पैटर्न है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण प्रकृति में इंसानी दखल भी है जिसका खामियाजा हम भीषण तबाही के रूप में साल दर साल ऐसी आपदाओं के नतीजे के रूप में भुगत रहे हैं। अब तो ये आपदायें आये-दिन की बात हो गयी हैं। इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता। असलियत यह है कि यह सब प्राकृतिक आपदायें हमारी नीतिगत विफलताओं का जीता-जागता सबूत हैं जबकि बरसों से समूची दुनिया के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और समय-समय पर जारी रिपोर्टें, शोध और अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि पहाड़ों पर अवैज्ञानिक और अनियोजित निर्माण, पहाड़ों को काटकर या विस्फोट के जरिए नदियों पर जलविद्युत परियोजनाओं, रेल मार्ग का निर्माण, बेतहाशा खुदाई, नदी-नालों के कुदरती मार्गों में अवरोध पैदा करने से आपदाओं को हम खुद-ब-खुद निमंत्रण दे रहे हैं। किंतु विकास के नाम पर सरकारी लापरवाही का आलम यह है कि संवेदनशील भूस्खलन वाले इलाकों में भी बहुमंजिला इमारतों, आवासीय भवनों, होटलों और सड़कों का निर्माण आज भी अनियंत्रित रूप से निर्बाध गति से जारी है। यहां यह गौरतलब है कि जब धरती की सतह बार-बार खोदी जाती है, पहाड़ों का सीना बारम्बार चीरा जाता है, काटा जाता है, उस स्थिति में बारिश की हर बूंद उस नाजुक धरातल को चीरते हुए बहुत तेजी से बह निकलती है। नतीजतन मिट्टी की पकड़ ढीली पड़ती है और आपदा का आकार कई सौ गुणा बढ़ जाता है। यही वह अहम कारण है कि ऐसी स्थिति में पहाड़ों पर भूस्खलन का दायरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। वैज्ञानिक बार-बार चेता रहे हैं कि जलवायु में आ रहे बदलाव और पहाड़ों पर विकास के नाम पर अंधाधुंध निर्माण विनाश का कारण बन रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि ऊंचे इलाकों में एक डिग्री तापमान बढ़ने पर वर्षा की तीव्रता 15 फीसदी बढ़ जाती है। यह कि जब गर्म समुद्री हवा भारी नमी लेकर हिमालय से टकराती हैं तब पहाड़ उसे रोकते हैं। इससे क्यूम्यलोनिम्बस बादल बनते हैं जो 50,000 फीट ऊंचाई तक जा सकते हैं और जब ये फटते हैं तो अपने साथ पूरी की पूरी घाटी में भीषण तबाही लाते हैं। इस बारे में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और डीआरडीओ की मानें तो हिमालय के ग्लेशियर हर साल औसतन 15 मीटर पीछे खिसक रहे हैं या पीछे हट रहे हैं। कहीं- कहीं कुछ इलाकों में ग्लेशियर के पीछे हटने की दर 20 मीटर से भी ज्यादा है। दरअसल जब-जब और जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उसके नीचे की जमीन अस्थिर होती जाती है। पिघलती बर्फ, दरकती चट्टानें और अचानक बनने वाली झीलें सबसे बड़ी चिंता का विषय है। इनके टूटने से भयंकर तबाही आती है, गांव के गांव बह जाते हैं। ये आपदायें आबादी क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। प्रकृति की संवेदनशीलता के प्रति हमें अति संवेदनशील होना होगा। यदि हम प्रकृति से खिलवाड करेंगे तो निश्चित है कि हमें ऐसी आपदाओं से आये-दिन दो-चार होना पड़ेगा। सरकार के साथ हमारी भी जवाबदेही है। हमें व सरकार को भूविज्ञानियों,पर्यावरणविदों की संस्तुति-चेतावनियों को मानना होगा जिन्हें हम बराबर नकारते आ रहे हैं। उसका खामियाजा हम आज भी भुगत रहे हैं। हिमालयी पर्वतीय क्षेत्र में भौगोलिक पर्यावरणीय दृष्टि से अर्ली वार्निंग प्रणाली पर तत्काल काम करना होगा



सियासत

राज कुमार सिंह

# उप-राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणायन राजनीति

उप राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यत: उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा। उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है।

उप राष्ट्रपति चुनाव ने भारतीय राजनीति को दक्षिणायन बना दिया है। मुख्यतः उत्तर और पश्चिम भारत में जनाधार वाली भाजपा की अगुवाई वाले राजग ने तमिलनाडु मूल के सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने आंध्र प्रदेश मूल के बी सुदर्शन रेड्डी को। इसे दक्षिण भारत में चुनावी बिसात बिछाने की कवायद भी माना जा रहा है। पहले झारखंड और फिर महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाये जाने से पूर्व राधाकृष्णन मूलतः भाजपा के नेता रहे हैं। रेड्डी पर अभी तक राजनीतिक पहचान का ठप्पा नहीं रहा है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहने के बाद वह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति- उप राष्ट्रपति का पद संवैधानिक माना जाता है, लेकिन उसके लिए चुनाव राजनीतिक तिकड़मों से मुक्त नहीं रह पाता।

'मिसाइल मैन' अब्दुल कलाम के राष्ट्रपति बनने जैसे उदाहरण अपवादस्वरूप ही हैं। बेशक उसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक महीने पहले 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन जगदीप धनखड़ के कार्यकाल के बीच ही रहस्यमयी इस्तीफे के चलते इस उप राष्ट्रपति चुनाव की नौबत आयी है। जैसा कि अक्सर होता है, धनखड़ के इस्तीफे के तुरंत बाद मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक में इस पद के लिए राजग के संभावित उम्मीदवार की अटकलें शुरू हो गयी थीं। आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम से शुरू अटकलें बाद में संघ-भाजपा के निष्ठावानों के नामों पर सिमट गयीं। जनता दल से राजनीति शुरू कर कांग्रेस के रास्ते भाजपा में आये धनखड़ के साथ कटु अनुभव के बाद पार्टी ने वैसा जोखिम नहीं उठाया। वैसे सीपी राधाकृष्णन के चयन से इस धारणा को बल मिला है कि दौड़ में आगे बताये जाने वाले अक्सर भाजपा में मंजिल तक नहीं पहुंच पाते। हां, राज्यपाल रहे व्यक्ति को राष्ट्रपति–उप राष्ट्रपति बनाने का भाजपाई रुझान बरकरार है। पहले बिहार के उप राज्यपाल रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाया तो फिर पश्चिम बंगाल के उप राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उप राष्ट्रपति और अब महाराष्ट्र के राज्यपाल राधाकृष्णन की बारी है। नौ सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा (पूर्व में जनसंघ) के प्रति निष्ठावान रहे राधाकृष्णन पर दांव के मूल में दक्षिण भारत में राजनीतिक बिसात बिछाने की कवायद भी साफ समझी जा सकती है। केंद्र समेत तमाम राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा का दक्षिण भारत में एकमात्र सत्ता-दुर्ग कर्नाटक ही बन पाया था, जो 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छीन लिया। इसलिए तमिलनाडु के प्रभावशाली ओबीसी समुदाय से आने वाले राधाकृष्णन को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने दक्षिण में अपने प्रसार की रणनीति भी बनायी है। तमिलनाडु की राजनीति दशकों से द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्दगिर्द घूमती रही है, लेकिन जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के बिखराव में भाजपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है। दूसरे, तमिल उम्मीदवार के चलते वहां के सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर भी समर्थन के लिए दबाव बनाने की रणनीति भाजपा की रही होगी। द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया का मजबूत घटक दल है और उसकी सरकार की केंद्र सरकार से तल्खी



किसी से छिपी नहीं है। फिर भी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का दबाव दिखा, जब द्रमुक ने तमिलनाडु से ही 'इंडिया' का उम्मीदवार बनाने की इच्छा जतायी। कुछ नामों पर विचार भी हुआ, लेकिन टीएमसी की गैर राजनीतिक उम्मीदवार की इच्छा ने बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी के द्वार खोल कर उप राष्ट्रपति चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

रेड्डी भी दक्षिण भारत से ही आते हैं, लेकिन तमिलनाडु के बजाय आंध्र प्रदेश से, जहां अब चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में राजग सरकार है। नीतीश कुमार की तरह पाला बदल के लिए चर्चित नायडू की पार्टी टीडीपी की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में बड़ी भूमिका रही है। अगर तमिल उम्मीदवार से द्रमुक पर समर्थन का दबाव बन सकता है, तब क्या तेलुगु उम्मीदवार से टीडीपी समेत अन्य तेलुगु दलों पर समर्थन का दबाव नहीं बनेगा? मुख्य विपक्षी दल वाईएसआरसीपी राजग और 'इंडिया' के बीच तटस्थ रही है, पर उप राष्ट्रपति चुनाव में उसे किसी एक उम्मीदवार का समर्थन करने का फैसला करना ही पड़ेगा। फिर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना भी तेलुगु राज्य है। वहां अब कांग्रेस की सरकार है, पर मुख्य विपक्षी बीआरएस के पास भी राज्यसभा में चार सांसद हैं। बेशक उप राष्ट्रपति चुनने वाले लोकसभा और राज्यसभा सांसदों में बहुमत का गणित भाजपा के पक्ष में साफ नजर आता है, पर लगभग सवा सौ सांसद उन दलों के भी हैं, जो खुद को तटस्थ कहते हैं, लेकिन तटस्थता का राग इस चुनाव में तो छोड़ना ही पड़ेगा। जाहिर है, देश के नये उप राष्ट्रपति, जो राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं, के चुनावी समीकरण को तटस्थ दलों की भूमिका काफी हद तक प्रभावित कर सकती है। विपक्ष के लिए पहला शुभ संकेत यही है कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले कांग्रेस से तल्खी के चलते 'इंडिया' से नाता तोड़ लेने वाली आप ने सुदर्शन रेड्डी के समर्थन का ऐलान किया है। टीएमसी के गैर राजनीतिक उम्मीदवार के सुझाव के पीछे निश्चय ही दलगत राजनीति से परे भी समर्थन जुटा सकने की रणनीति रही होगी। दरअसल विपक्ष उप राष्ट्रपति चुनाव को दो विचारधाराओं का मुकाबला बना कर अपने अंतर्विरोधों को छिपाते हुए आने वाले चुनावों के लिए राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया को गति देना चाहता है। पिछले उप राष्ट्रपति चुनाव से कांग्रेस ने भी सबक सीखा लगता है।

पिछली बार कांग्रेस ने धनखड़ के विरुद्ध संपूर्ण विपक्ष को विश्वास में लिए बिना अपनी नेत्री मारग्रेट अल्वा को उम्मीदवार बनाया था। जिस बैठक में अल्वा का नाम तय हुआ, टीएमसी और आप उसमें शामिल नहीं हुईं। बाद में आप ने तो अल्वा का समर्थन कर भी दिया, लेकिन ममता की टीएमसी दूर ही रही। इस बार कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार विपक्ष पर थोपने की गलती नहीं दोहरायी है। बेशक दोनों की उम्मीदवार इस पद के योग्य हैं। राधाकृष्णन महाराष्ट्र से पहले झारखंड के भी राज्यपाल रह चुके हैं तो रेड्डी गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं। राधाकृष्णन की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता असंदिग्ध है तो किसान परिवार से आने वाले रेड्डी की न्यायाधीश के रूप में संविधान के प्रति प्रतिबद्धता पर भी कभी कोई सवाल नहीं उठा।

हां, यह अवश्य विचारणीय है कि अभी तक दूर ही रहे रेड्डी ने एक मुश्किल चुनाव लड़ कर खुद पर राजनीतिक रुझान का ठप्पा लगवाने का जोखिम क्यों उठाया है, क्योंकि उप राष्ट्रपति पद संवैधानिक होने के बावजूद उस तक पहुंचने का रास्ता राजनीति से ही निकलता है। इसीलिए उस पर आसीन व्यक्ति राजनीतिक रुझान से मुक्त कम ही नजर आते हैं।

## ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित

दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत के अंतरिक्ष की ओर बढ़ते कदम

23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 को चांद पर इसरो ने सफलता से उतारकर देश का मान बढ़ाया था। इसी तारीख को यादगार बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने की जो घोषणा की और जहां चंद्रयान-3 का मून लैंडर उतरा है, उस जगह को शिवशक्ति का नाम दिया। चंद्रयान-3 को संचालित करने में महिला वैज्ञानिक और इंजीनियर ने जो भूमिका निभाई, उसने एक तो उन लोगों को आईना दिखाया जो बेटियों को कमजोर समझते हैं, दूसरा चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समारोह में इन वैज्ञानिकों ने देश की संस्कृति के अनुसार जो पहनावा पाया था और श्रृंगार किया था, उसने सारी दुनिया को हमारी संस्कृति से परिचित कराया।

*- अनित मिश्रा, जगदलपुर*

### करंट अफेयर

## द. अफ्रीका में एचआईवी के इलाज के लिए जूझ रहे लोग

अमेरिका की ओर से मिलने वाली विदेशी सहायता बंद होने के बाद दक्षिण अफ्रीका में 'ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस' (एचआईवी) से पीड़ित हजारों लोग इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनियाभर में एचआईवी संक्रमितों की सबसे अधिक संख्या दक्षिण अफ्रीका में है। छह महीने पहले अमेरिका की ओर से दी जाने वाली वाली विदेशी सहायता बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद निशुल्क एचआईवी सेवाएं प्रदान करने वाले कई गैर-लाभकारी क्लीनिक 24 घंटे अंदर बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण जोहानिसबर्ग में यौनकर्मियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई थीं।



### ऑफ बीट

## मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है।



### ट्रेंड

#### ई-केवाईसी अनिवार्य

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तथ्यों को सही से समझने की जरूरत है। लाभार्थियों के लिए अनिवार्य ई-केवाईसी का निर्देश उच्चतम न्यायालय ने दिया था और केंद्र केवल राज्यों से इसे लागू करने के लिए कह रहा है।

- प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय खाद्य मंत्री



#### आपदा का दंश

आपदा का स्वरूप और दायरा बढ़ता जा रहा है, आज प्रदेश के कई जिले आपदा की चपेट में हैं। सरकार से आग्रह है कि आपदा का दंश झेल रहे लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा और जल्दी से जल्दी मदद की जाए।

-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश



#### बदले की राजनीति

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मामूली आरोपों में हिरासत में लिए जाने पर मैं चिंतित हूँ। मैं श्रीलंका सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह बदले की राजनीति का त्याग करे और अपने पूर्व राष्ट्रपति के साथ उस गरिमा के साथ पेश आए जिसके वे देश के प्रति दशकों की सेवा के बाद हकदार हैं।

- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस



#### बैंकों की सख्ती

बैंक जिस तरह गरीब किसान से कर्ज के पैसे वसूल रही है अगर वो सख्ती, भाजपा का प्रश्रय प्राप्त उन खरबपतियों के खिलाफ दिखाई होती जो कई लाख करोड़ लेकर फरार हो गये तो आज अर्थव्यवस्था, कारोबार और किसानी की इतनी दुर्दशा न होती।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



## संक्षेप

### दो बच्चियों संग नहर मे कूदी महिला

#### पथिकों व पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू कर भेजा चिकित्सालय

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। अपनों ने की उपेक्षा तो महिला अपने दो बच्चियों को लेकर सरयू नहर (प्रखंड) मे कूद गई। रांहगीरों, ग्रामीणों व पुलिस की मदद से तीनो को सुरक्षित निकाल कर सीएचसी भिजवाया गया है। खबर है की जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आज बुधवार को साइदा उम्र 28 वर्ष पत्नी चुन्ने अली निवासी भया पुरवा दा ० लौकिहा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच अपने परिवारिक विवाद - को लेकर पूर्वी लैकिहा पुल के पास अपने दो बच्चे-वालिता (4) व खलीसा (3) वर्ष के साथ नहर में कूद गई। देखते ही रांहगीरों की भीड़ लग गई स्थानियों की सूचना पर खैरीघाट पुलिस मौके पर पहुंच कर गॉव वालो की मदद से माँ बेटियों को वाहर निकाल कर सीएचसी शिवपुर लाया - गया जहाँ प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। वहीं सम्बन्ध की सूचना मौके पर उपस्थित हेड कां0 दयानन्द सिंह से जुटाई गई तो पता चला कि दो बच्चियों सहित महिला ने नहर मे कूदकर जान देने का प्रयास किया किन्तु ग्रामीणों व पुलिस की सक्रियता से जान बच गई है। उपचार चल रहा है। सूचना पर परिजन भी उपस्थित हैं।

### व्यक्ति ने 15 फुट रास्ता तोड़ा

#### सरकारी रास्ते की ईंटें उखाड़ने का मामला, 9 शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

सुलतानपुर, जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में सरकारी खड़ंजे को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत गोसैसिंहपुर में महादेव यादव ने सार्वजनिक रास्ते की ईंटें उखाड़ दी हैं। ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर इस मामले की शिकायत की। गोसैसिंहपुर में 2003-04 में ग्राम पंचायत निधि से खड़ंजा मार्ग का निर्माण किया गया था। यह मार्ग सीसी रोड से शुरू होकर तालाब के किनारे इंटरलॉकिंग रोड तक जाता है।

# एनसीसी ट्रेनिंग कैंप के तीसरे दिन कैडेट्स ने दिखाई अनुशासन और कौशल की झलक

अमन लेखनी समाचार/मोहम्मद कौशर



रूपईडीहा, बहराइच। लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज रूपईडीहा में चल रहे एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन बुधवार को कमान अधिकारी कर्नल एपीएस पटवाल के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। दिन की शुरूआत सभी कंपनियों द्वारा पीटी एवं ड्रिल अभ्यास के साथ हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन और जोश का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अल्फा कंपनी की ओर से फायरिंग अभ्यास कराया गया। इस दौरान महाराज सिंह इंटर कॉलेज के कैडेट SGT सोनू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 04 सेंटीमीटर का ग्रुप बनाकर अपनी निशानेबाजी की दक्षता साबित की। बी कंपनी में सीएचएम राम किशोर ने कैडेट्स को सशस्त्र बल विषय पर प्रेरणादायक लेक्चर दिया। इसी क्रम में एच एवी महेंद्र ने फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट की बारीकियों से कैडेट्स को अवगत कराया। डी कंपनी में हवलदार हमपुन ने हथियारों के विभिन्न भागों की जानकारी देते हुए उन्हें खोलने और जोड़ने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। वहीं, ई कंपनी में हवलदार कपिल ने मैप रीडिंग विषय पर कैडेट्स को दिशा-निर्देश दिए। एफ कंपनी में निकिन ने संचार (कम्युनिकेशन) के महत्व और तकनीकों पर विस्तृत लेक्चर प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से भी कैडेट्स को स्वच्छता, साफ-सफाई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में हुए विविध प्रशिक्षण सत्रों ने न केवल कैडेट्स के शारीरिक और मानसिक विकास को बल दिया बल्कि उन्हें अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना से भी प्रेरित किया। इस कैंप का संचालन लॉर्ड बुद्धा पीजी कॉलेज के अध्यक्ष हरिश्चंद्र उर्फ. बंटू भईया तथा सचिव डॉक्टर यशपाल द्वारा किया जा रहा है, तथा कैंप का व्यवस्थापन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर असीम शुक्ला, चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर तारिक, चंदन गुप्ता, डॉक्टर अफरोज के सहयोग से हो रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय पांडूचट्टान के बच्चों सहित लोगों ने किया पानी को लेकर जगह-जगह प्रदर्शन

## उठाई हैंडपंप बनवाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

कोन / सोनभद्र - विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा के टोला पांडुचट्टान में पानी को लेकर स्थानीय लोगों सहित बच्चों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। बतातें चलें कि इन दिनों पांडुचट्टान प्राथमिक विद्यालय पांडु चट्टान और आंगनबाड़ी केन्द्र में लगा हैंडपम्प मरम्मत के अभाव में लगभग 6 महीनों से बंद पड़ा है जिसका नतीजा है कि बच्चों को खाना खाने के बाद लगभग 300 मीटर दूर सड़क पर जाना पड़ता है जो बच्चों के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इसी तरह विद्यालय के आस पास दो और हैंडपंप हैं जो कि मरम्मत के अभाव में बहुत देर चलाने के बाद पानी देता है जो लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या है जबकि ग्राम पंचायतों में दबी जुबान से लोगों ने बताया कि हैंड पम्प मरम्मत के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपए का धन निकासी की जाती है। बात करें जल जीवन मिशन योजना की हर घर नल योजना की तो वह भी धरातल पर फ्लाप साबित होता दिख रहा है। जिसके संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि आज तक कई क्षेत्रों में नल कनेक्शन तक पूरा नहीं हो सका। सूत्रों का दावा है कि संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण दिखा दिया गया है और बात करें नियमित पेयजल जलापूर्ति करने की तो कभी इंटेक वॉल तो कभी पंप तो कभी बिजली की समस्या बताकर लोगों के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। जहाँ केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार गरीबों और कामकाजी महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना चलाई थी किन्तु संबंधित विभाग या संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा उनके सपनों पर पानी फेरने का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय निवासी सीता चेरो , राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान व सचिव को हैंडपम्प की समस्या को अवगत कराया गया किन्तु इसका आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका और न ही लोगों को लोगों को नल कनेक्शन मिला है। जिसके क्रम में पत्रकारों द्वारा पूर्व में ग्राम पंचायत सचिव संजय यादव को अवगत कराया गया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका बल्कि उनके द्वारा अन्य लोगों की तरह पत्रकारों को भी अश्वासन मिला। जिसके ग्राम में एडीओ पंचायत सुनील पाल ने तत्काल हैंड पम्प मरम्मत कराने के लिए सचिव को निर्देशित किया। प्रदर्शनकारियों संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल हैंड पम्प मरम्मत कराने की मांग किया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सीता चेरो, जोगेंद्र मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, कृपाशंकर, संकठा गुप्ता, अतवरिया, विशाल, पंकज, संध्या सहित अन्य छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# रूपईडीहा पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं अपराध कार्य करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रकाश तिवारी व क्षेत्राधिकार नानपारा प्रद्युमन सिंह के कुशल निर्देशन व थाना प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक दीपक सिंह चौकी इंचार्ज बाबागंज हेड कांस्टेबल देवेंद्र यादव, कांस्टेबल सत्यम सोनी द्वारा रुपईडीहा थाना में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 6652 / 0 6 धारा 4/25 एक्ट में वांछित अभियुक्त बराती लाल उम्र 45 वर्ष पुत्र चंद्रबली निवासी कटरा चारदा थाना रुपईडीहा बहराइच को मुखबिर की खास सूचना पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया। तथा रुपईडीहा थाना में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 771/2024 में धारा 323,504 आई पी सी में वांछित




अभियुक्त गण फूलचंद उम्र 35 वर्ष पुत्र सुकई निवासी गनेशपुर सोरहियाया व राजेश कुमार पुत्र बहाऊ उर्फ राम किशुन निवासी गनेश पुर सोरहिया थाना रुपईडीहा को उनके घर से गिरफ्तारकिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को विधि कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच भेजा गया।

# हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की तैयारी एवं सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच के बैनर तले आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ल का सर्व प्रथम भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की अध्यक्षता में बहराइच में सम्पन्न हुई।महासंघ की जिला कार्य समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं विकास खंड के प्रमुख पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम दिनांक 1 सितंबर 2025 को जनपद के अधिकतम विद्यालयों में आयोजित किए जाने हेतु तैयारी की योजना रचना के संबंध में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीलमणि शुक्ल के द्वारा द्वीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में और उत्तर प्रदेश के एक लाख से अधिक विद्यालयों में ?हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान? कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो इस हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव व दिशानिर्देश उपस्थित समस्त कर्मचारियों को दिए। वही जिला महामन्त्री उमेश चंद्र त्रिपाठी एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष-पंकज कुमार वर्मा ने गागर में सागर भरते हुए हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान पर अपना पाथेय प्रदान किया।हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के बहराइच जिला संयोजक सगीर अन्सारी ने प्रान्तीय निदेशों को उपस्थित पदाधिकारियों से साझा किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला का उपस्थित सभी पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष के द्वारा जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की रसीद काटकर सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई, अपने उद्बोधन में उन्होंने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान, सदस्यता अभियान पर विधिवत प्रकाश डाला तथा शिक्षक समस्याओं पर पदाधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर सभी जिला पदाधिकारी व विकास खंड के पदाधिकारी सहित सगीर अंसारी जिला संयोजक,विनोद कुमार त्रिपाठी जिला सहसंयोजक,रूपाली शरण श्रीवास्तव जिला सहसंयोजक,सजल मिश्रा, विनोद गिरि, अनीश चौधरी, मो0नफीस, प्रेम अवस्थी, डीडी पटेल, धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# ग्राम सभा भौखारा मे जमकर किया गया भ्रष्टाचार

## फर्जी बिल वाउचर लगाकर किया गया भुगतान

अमन लेखनी समाचार



रिसिया, बहराइच। जनपद बहराइच के मटेरा ग्राम सभा निवासी द्वारा मांगी गई जन सूचना में ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि के द्वारा जमकर लूटपाट की गई। शिकायतकर्ता का कहना है की गांव के कई लोग ऐसे हैं जिनके नाम से पैसा निकाला गया है वह लोग प्राइवेट कर्मचारी के तौर पर नौकरी भी करते हैं, मास्टर रोल में भी फर्जी तरीके से नाम भरकर पैसे का बंदर बांट किया जा रहा है। ग्राम सभा में लगभग जगह पर जो भी कार्य हो रहे हैं वह सब मानक विहीन है शिकायतकर्ता का कहना है उसके घर के सामने की जमीन पर फर्जी तरीके से इंटरलॉकिंग करने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा जब प्रधान से कार्य का लेखा-जोखा मांगता है तो प्रधान कहते हैं सब अधिकारियों की मिली भगत से होता है तुम कुछ नहीं कर पाओगे। प्रधान कोई और है और प्रधानी कोई और चलाता है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के चालक को अपने घर पर बिठाकर लोगों से अवैध तरीके से अंगूठा लगवा कर पैसा निकलवा लिया जाता है। इतना बड़ा भ्रष्टाचार अधिकारियों के नाक के नीचे चल रहा है पर इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस पर बात करने के लिए जब बीडीओ को फोन लगाया गया तो उनका फोन नॉट रीचेबल बताता है, उससे साफ होता है कि बिना अधिकारियों के मिली भगत के ग्राम सभा भौखारा इतना बड़ा भ्रष्टाचार नहीं चल सकता।

# आल्हा गायको ने भरा जोश पहलवानों ने दंगल में दिखाएं दांव पेंच

## आल्हा सुनने दंगल देखने को उमड़ी भीड

अमन लेखनी समाचार



भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में विशाल आल्हा गायन कार्यक्रम संपन्न हुआ। वही पशु बाजार मेला मैदान में आयोजित दंगल में यूपी, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड से आए नामी गिरामी पहलवानों की रोमांचक कुश्तियां हुई ऐतिहासिक तीजा मेला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में विशाल आल्हा गायन संपन्न कराया। यहां पर दो दर्जन गायको ने शानदार प्रस्तुति देते हुए माडो की लड़ाई का सुंदर वृतांत सुनाया। आल्हा गायन में महावीर प्रजापति, चरन सिंह, जय सिंह, श्याम बाबू यादव, राजा बाबू, राजपाल सिंह, रामकुमार सविता आदि ने हिस्सा लेकर सुंदर वृतांत सुनाया पशु बाजार मेला मैदान में दंगल का शुभारंभ पूर्व विधायक युवराज सिंह, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल में दो दर्जन कुश्तियां संपन्न कराई गई। बाबा रामदास हरिद्वार ने गुल्ला चौधरी राजस्थान को जोरदार पटकनी देकर जमकर वाहवाही लूटी। महिला पहलवान रोशनी गोरखपुर ने सपना बांदा को हराया। राधेश्याम भिंड, शिवा मथुरा, कल्लू इंगोहटा, विक्रम झलोखर, कुलदीप टेढ़ा, अंशुल हाथरस, कुलदीप हाथरस, वीरेंद्र टेढ़ा, राजवीर झांसी, विशाल मथुरा, राधेश्याम मिरगहनी, आकाश बनारस, जितेंद्र झांसी, शुभम मेरठ, नजाकत बांदा, आकाश हाथरस के मध्य कुश्ती बराबरी पर छूट गई। दंगल का संचालक सुरेश यादव दपसौरा ने किया। रेफरी की भूमिका सूरजपाल सिंह, रामकिशुन नन्ना, जीतू पहलवान, मुन्ना तिवारी ने निभाई। इस मौके पर दंगल के आयोजक अमर सिंह, जयकरन सिंह, सौमित्र सिंह इटरा आश्रम के महंत बलराम दास महाराज, बांकी आश्रम के महंत रामदेव महाराज, मनासर बाबा आश्रम के महंत द्वारिका दास महाराज, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, जितेन्द्र सिंह तोमर, अंकित सिंह रानू, रणवीर सिंह, अनिल पालीवाल, पूर्व प्रधान बउवा यादव आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था मेला कोतवाल रामकुमार यादव ने संभाल रखी थी।

# जनपद के चयनित 12 मुख्य सेविकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

## 12 मुख्य सेविकाओं में थारू जनजाति की 03 बेटियों ने हासिल की सफलता

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के चयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं एवं 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ जिले के चयनित 12 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में जिले की चयनित वन्दना वर्मा, रीतू मिश्रा, सौम्या चौधरी, शिखा मिश्रा, आयुषी चौधरी, शिवांकिता त्रिपाठी, प्रीति वर्मा, प्रतिभा सिंह, नीलम वर्मा, उर्मिला राणा, कु. रीता व संध्या कुमारी को मौजूद जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया है। इसके अलावा पोषण ट्रैक्कर ऐप व एफआरएस के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 06 मुख्य सेविकाओं तेजवापुर की रजनी सिंह यादव, नगर की पल्लवी श्रीवास्तव, पयागपुर शिवकुमारी सिंह, महसी की संजू पाण्डेय, फखरपुर स्मिता सिंह व मिहींपुरवा की बीना सक्सेना तथा 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों माया देवी, रेनू उर्फ सीमा, पुष्पा देवी, अनीता देवी, सविता पाण्डेय, पुष्पलता, नीतू पाण्डेय, दीपमाला राव, जशीमुन्निंशा व नीति सिंह, रूबी रिजवी व राशिदा बेगम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, डीडीओ राज कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, डीसी मनरेगा रवि पाण्डेय, एनआरएलएम धनन्जय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल सिंह, दीपा गुप्ता, सीमा इजराईल, अनुज कुमार, अंजली गुप्ता, गरिमा श्रीवास्तव, आनन्द कुमार सहित अन्य बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, कार्यकत्री, नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं के अभिभावक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कुत्ते के भौंकने पर पड़ोसी ने की मारपीट

## अलीगढ़ के सासनीगेट थाने का मामला, पुलिस ने एक हफ्ते बाद दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता




अलीगढ़, सासनीगेट थाना क्षेत्र में कुत्ते के भौंकने पर पड़ोसी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर उनका पड़ोसी भड़क गया और युवक के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ सासनीगेट थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी कर रही है, जिससे घटना का पता लगाया जा सके। सासनीगेट के पंचनगरी निवासी सोनी पत्नी गिरीश चौहान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके घर पर कुत्ता पला हुआ है। घटना 17 अगस्त की है, वह अपने घर पर ही थे। रात को 10 बजे उनका कुत्ता घर में भौंक रहा था। कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनकर उनके पड़ोस में रहने वाला कालू अपने दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ वहां आ गया और उनके बेटे पंकज के साथ गाली गलौज करने लगा। जब उनके बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और पीट-पीटकर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। पीड़ितों ने बताया कि 17 अगस्त को उन्होंने घटना के बाद तुरंत पुलिस को लिखित शिकायत की थी। लेकिन पुलिस मामले की जांच की बात कह रही थी और मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा था। जिसके बाद पुलिस के उच्च अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की गई। जिसके बाद अब थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ग्राम मैकूपुरवा में आयोजित हुई चकबन्दी चौपाल



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शासन की मंशा के अनुसार प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त के निर्देश के अनुपालन में तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम मैकूपुरवा में मुख्य राजस्व अधिकारी/उप संचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में चकबन्दी कार्यों व समस्याओं के सम्बन्ध में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह, चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम सुखेन्द्र सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी विशेश्वरगंज रामकुमार वर्मा, चकबन्दीकर्ता प्रमोद कुमार वर्मा, चकबन्दी लेखपाल शेखर तिवारी, ग्राम प्रधान मैकूपुरवा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि ग्राम सैकपुरवा के चक निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मैकपुरवा ग्राम पंचायत में 10 मजरे लगते हैं, जिसमें सभी मजरों के कृषकों ने चौपाल में प्रतिभाग किया। चौपाल में उपस्थित कृषकों/ग्रामवासियों से संवाद करते हुए चकबन्दी प्रक्रिया के लाभों को बताया गया कि चकबन्दी में आप लोगों की बिखरी हुई जोतों को एकत्र किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार चकरोड व नाली दी जायेगी, जिससे कृषि कार्य करने में सुविधा हो।। ग्रामवासियों द्वारा की गयी शिकायतों में कुछ शिकायतों का निस्तारण स्थल पर करा दिया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया गया है।

# कृषि स्नातक युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मौका

## एग्री जंक्शन केंद्र के जरिए मिलेगा खाद-बीज का लाइसेंस, 12 युवाओं ने किया आवेदन

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने की पहल के तहत कृषि स्नातक युवाओं को एग्री जंक्शन केंद्र खोलने का अवसर दिया जा रहा है। इस योजना के तहत युवाओं को खाद, बीज और कृषि रसायन का व्यवसाय करने का निःशुल्क लाइसेंस मिलेगा। योजना में भाग लेने के लिए युवाओं को आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र और जाति निवास प्रमाण पत्र जमा करना होगा। अब तक 12 युवाओं ने इस योजना के लिए आवेदन किया है। उप कृषि निदेशक कार्यालय से इन युवाओं को लाइसेंस के अलावा अनुदान राशि और दुकान के किराए में सहायता भी प्रदान की जाएगी। उप कृषि निर्देशक सत्येंद्र कुमार के अनुसार, चयनित युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस पहल से न केवल युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कृषि रसायन उपलब्ध हो सकेंगे। जिले में विभिन्न स्थानों पर एग्री जंक्शन केंद्र खोलने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## संक्षेप

### कॉलेज में होने वाली छात्र महापंचायत स्थागित

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कॉलेज में छात्र नेताओं और सीनियर छात्र नेताओं द्वारा पहले से निर्धारित छात्र महापंचायत को अब स्थगित कर दिया गया है। छात्र नेताओं का कहना है कि पंचायत करने का एक मुख्य कारण कॉलेज परिसर के गेट पर लगे ताले थे जो प्रबंधन द्वारा खोल दिए गए हैं। छात्र नेता विजित तालियान ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा उनको बुलाया गया था और ताले खुलवाए गए हैं। इसके बाद उन्होंने अपने सीनियर छात्र नेताओं से बात की और इस महापंचात को अभी स्थगित करने का फैसला सभी की सहमति से हुआ है। पूर्व छात्र नेता डॉ कुलदीप उज्वल ने कहा कि प्रबंधन और छात्रों की सहमति से यह स्थगित हुई है। कॉलेज में जहां भी हमारे जूनियर छात्रों को हमारी जरूरत पड़ेगी हम सभी पुराने छात्र अपने राजनीतिक संगठनों से ऊपर उठकर उनके साथ रहेंगे। छात्र नेता नेता विजित तालियान ने कहा कि पंचायत स्थगित होने का मतलब यह नहीं है कि हम प्रबंधन के सामने कमजोर पड़ गए हैं। अन्य सच्चाई की लड़ाईयां और मुद्दों पर लगातार हम अपना पक्ष रखेंगे जिसमें मुख्य रूप से कॉलेज के पेड़ काटने का मामला है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, साइबर क्राइम पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष कुमार बिहार के बेतिया और सचिन कुमार आगरा के रहने वाले हैं। दोनों को महाराणा प्रताप तिराहा के पास से पकड़ा गया। पीड़िता आयुषी सिन्हा ने बैंक में नौकरी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद उन्हें एक कॉल आया। आरोपियों ने कउकउक बैंक में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग खातों में कुल 2,16,800 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 लैपटॉप, 1 प्रिंटर, 12 कीपैड मोबाइल फोन, 2 स्मार्टफोन और 12 एक्टिव सिम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अपने दो अन्य साथियों बहाव आलम और इशुफ खान के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेंटर चलाते थे। गिरोह ऑनलाइन जॉब पोर्टल्स से बेरोजगारों का डेटा खरीदता था। फिर उन्हें फोन कर नौकरी के नाम पर ठगी करता था।

### किसानों ने कॉलेज निर्माण रोका

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सेक्टर 19 स्थित एक निमार्णाधीन कॉलेज में अवैध भूजल दोहन के विरोध में किसान एकता महासंघ ने सोमवार को प्रदर्शन किया। किसानों ने निर्माण कार्य रोक दिया। किसान एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना और सचिव अरविंद ने बताया कि 11 अगस्त को उन्होंने कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसमें एक सप्ताह के भीतर मोटर पंप हटाने की मांग की गई थी।

# धूमधाम से मनाया जाएगा राधा रानी का महोत्सव

## सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। राधा अष्टमी को लेकर बरसाना में की जा रही तैयारी 6 जोन 18 सेक्टर में बांटा गया मेला क्षेत्र.... मथुरा भगवान श्री कृष्णा के जन्म महोत्सव के 15 दिन बाद राधा रानी का प्राकट्योत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है यह प्राकट्योत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। राधा अष्टमी प्राकट्योत्सव को लेकर प्रशासन तैयारी में जुड़ गया है, मथुरा जिला अधिकारी व एसएसपी ने अधिकारियों के साथ आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक की। इस बार राधा अष्टमी महोत्सव पर भव्यता दिखाई देगी पूरे मेला जॉन के 6 जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। इस बार राधा अष्टमी महोत्सव 30 और 31 अगस्त को होगा। इसमें करीब 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना बताई जा रही है। प्रशासन के द्वारा इस बार महोत्सव की तैयारी पहले से भी बेहतर हो। इसके लिए एकल मार्ग से श्रद्धालु नए बस स्टैंड से पीली कोठी तिराहा होते हुए मंदिर में प्रवेश करेंगे। और जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं को नीचे उतारा जाएगा। नया बस स्टैंड मार्ग तथा पार्किंग स्थलों पर जूता घर बने जाएंगे। प्राकट्योत्सव को सफल बनाने के लिए प्रत्येक जोन के प्रभारी एस पी और अऊट रैंक के अधिकारी होंगे। मंदिर में किसी भी तरह की अफरा तफरी ना हो उसके लिए बस स्टैंड से ही श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तथा टुकड़ियों के माध्यम से राधा रानी के मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा, जब मंदिर बंद होगा तो श्रद्धालुओं को कटरा चौक के पास रोक दिया जाएगा। इससे सीढियों पर भीड़ का दबाव नहीं बनेगा। राधा रानी मंदिर में भी बैरिकेट्स के चलते लाइन में श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए करीब 16 घंटे तक राधा रानी का मंदिर खोला जाएगा। प्राकट्योत्सव राधा रानी का बरसाना स्थित ब्रह्मचल पर्वत पर होगा इसके लिए ब्रह्मचल पर्वत के सफाई के लिए मंदिर समिति ने नगर पंचायत को 200000 देने को कहा है। पूरा मेला क्षेत्र में बाइक ई रिक्शा प्रबंध रहेंगे। राधा रानी के जन्म के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में आते हैं लेकिन जन्म के दर्शन एक बार में केवल बीस हजार ही श्रद्धालु दर्शन कर पाते हैं, इसलिए राधा रानी जन्म महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों ने जन्म महोत्सव को लाइव दर्शन करने की भी मांग की है। जिससे आने वाले सभी श्रद्धालुओं को राधा रानी जन्म के दर्शन हो सके।

### यह रहेगी व्यवस्था

आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए मेला में 7 वाच टावर, 35 पानी के टैंकर, 29 मोबाइल टॉयलेट, 15 चिकित्सा शिविर, 10 एम्बुलेंस, 160 रोडवेज बस, 6 अग्निशमन वाहन, 160 स्थान पर सीसीटीवी कैमरे, तीन खोया पाया केंद्र, 300 सफाई कर्मी, दो प्लाटून पीएसी, 2500 पुलिस के जवान, 12 वाटर कूलर, 88 बैरियर, 50 पार्किंग स्थल बनाई जाएंगे।

# गोदाम में छापा : राशन का चावल और गेहूं बड़ी मात्रा में जब्त

## डीएसओ की स्पेशल टीम ने मारा छापा, कालाबाजारियों में हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। तमाम शक्ति केबाद भी राशन पर मिलने वाले खाद्यन्न की कालाबाजारी रूकने का नाम नहीं ले रही। ऐसी ही सूचना पर कल देर शाम जिलापूर्ति अधिकारी ने अपनी टीम के साथ पचावर के एक गोदाम पर छापा मारा। इसका मालिक सूचना मिलने ही भाग खड़ा हुआ। पुलिस की मौजूदगी में गोदाम का ताला तुड़वाकर 90 बोरे चावल और 30 बोरे गेहूं बरामद किया गया है। जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी गई है। यह डीलरों से खरीदा गया और गोदाम संचालक इस काम में कब सेलगा हुआ था, इसकी जांच करायी जा रही है। शाम तक महावन थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार महावन थाना क्षेत्र अन्तर्गत पचावर में लंबे समय से राशन डीलरों से खाद्यन्न खरीद कर उसे मोटे मुनाफे पर बेचे जाने की जानकारी मिलने पर जिलापूर्ति अधिकारी संजीव कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ छापा मारा गया। आपूर्ति विभाग ने काफी देर तक गोदाम संचालक की गांव में खोजबीन करायी, लेकिन उसका जब पता नहीं लगा तो मौके पर पुलिस बुलवाकर गोदाम का ताला तोड़ा गया और वहां रखा राशन का गेहूं चावल आपूर्ति विभाग ने जब्त कर लिया। डीएसओ का कहना है कि सरसों के तेल का कारोबार करने वाले उत्तम सिंह का यह गोदाम है, जिसे उसने भुवनेश पुत्र दाऊदयाल को किराए पर दे रखा है। इसी में वह इस तरह का कारोबार करता है। जिसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में इस तरह के अन्य गोदामों पर भी छापे मारे जायेंगे और कालाबाजारी करने वाले राशन डीलरों को बख्शा नहीं जाएगा।

# गणेश वन्दना से गूँजा श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर का प्रांगण

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। नगर के सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्थान श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मन्दिर में बुधवार को बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में गणेश पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री हरेन्द्र कुमार सारस्वत द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात उन्होंने विधि-विधानपूर्वक विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का पूजन-अर्चन किया। पूजन के उपरान्त विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर गणेश वन्दना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने भजन, श्लोक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री हरेन्द्र कुमार सारस्वत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक, ज्ञान एवं सफलता के प्रतीक हैं। प्रत्येक शुभ कार्य का आरम्भ उनके पूजन से करने की परम्परा हमारी सनातन संस्कृति का आधार है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परम्पराओं का भी आदर करें तथा सदैव संस्कारवान बनने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। पूरे विद्यालय परिवार ने गणेश पूजन के अवसर पर एकता, अनुशासन एवं संस्कारपूर्ण शिक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन गणपति आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य धर्मेन्द्र बंसल, शिवहरी गोस्वामी, डॉ० हरीश सारस्वत, विजय यादव, ललित कुमार, उमाशंकर, नवीन वार्ष्णेय, कृष्णकान्त शर्मा, पुलकित कौर, शिवानी शर्मा आदि आचार्यगण, कर्मचारीगण एवं छात्र मौजूद रहे।

# क्यू आर कोड को स्केन करते ही दिखेगा राधाष्टमी मेला लाइव

- एक क्लिक पर होंगे लाइव दर्शन
- मंदिर समिति ने जारी किया क्यू आर कोड

अमन लेखनी समाचार



बरसाना। ब्रज में कान्हा जी के जन्म के बाद उनकी आराध्या श्रीराधा जू के जन्म की धूम मची हुई है। बरसाना के साथ समूचे ब्रज मंडल में तैयारियां बड़ी जोर से चल रही हैं। इसी क्रम में विश्व विख्यात श्री लाडली जी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्री राधाष्टमी जन्मोत्सव के अवसर पर जगतजननी श्री वृषभानु नंदनी के जन्मोत्सव का पहली बार क्यूआर कोड के माध्यम से मंदिर आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर प्रसारण किया जायेगा, जिसे देश - विदेश घर बैठे अपनी आराध्या के जन्म के लाइव दर्शन कर सकेंगे। मंदिर रिसीवर सुशील गोस्वामी और डॉ यज्ञ पुरुष गोस्वामी ने बताया कि मंदिर प्रशासन का उद्देश्य है कि बरसाना में लगभग 20 लाख श्रद्धालु राधारानी के जन्म अभिषेक दर्शन करने पहुंचेंगे लेकिन प्रातः 4 से 5 बजे के बीच में सभी श्रद्धालु तो दर्शन कर नही पाएंगे ऐसे में बाकी लोग निराश ना हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पहली बार रिसीवर समिति ने लाइव दर्शन कराने की व्यवस्था बनाई हैं। इसके लिए सेवायतों से अनुमति प्राप्त कर इस व्यवस्था को धरातल पर उतरने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर से ह्लल्लह्य प्रशासन को दिया जायेगा, जिससे समूचे बरसाना में जगह जगह भीड़ वाले स्थानों पर बड़ी एलईडी में माध्यम से प्रसारण कराया जायेगा। बाकी समूचे विश्व में सनातनी लोग घर बैठे राधा रानी मंदिर के यूट्यूब चैनल पर राधा अष्टमी महोत्सव के लाइव दर्शन कर सकेंगे।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे का कारोबार करने वाला गिरफ्तार

## भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सिरिंज बरामद

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। थाना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर मेडिकल स्टोर की आड़ में नशे के इंजेक्शन बेचने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और सिरिंज बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक यूटी अंकुर गौतम, थाना कोतवाली प्रभारी देवपाल सिंह पुण्डीर और स्वाट टीम प्रभारी छोटेलाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बृजमोहन पुत्र गोकुल प्रसाद निवासी साकेतपुरी, महोली रोड को नेपाल होटल के पास माल गोदाम रोड से गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से निम्न 100 नशीले इंजेक्शन (डाइजीपाम), 200 इंजेक्शन (बुप्रेनोरफाइन हाइड्रोक्लोराइड), 200 इंजेक्शन (फेनारमिन मेलिएट), 200 सिरिंज (दो छोटे डिब्बे), 400 हाई-टेक नीडल सिरिंज (चार छोटे डिब्बे) बरामद हुये हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मांगेराम, कौशल किशोर, अरविन्द सिवाल, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अजीत कुमार और गुलामे अहमद शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त मेडिकल स्टोर के नाम पर युवाओं को नशे का आदी बनाने का काम करता था।

# सोसाइटी में गार्ड ने महिला से की अभद्रता

- राज एम्पायर के निवासियों ने किया मेंटेनेंस ऑफिस का घेराव

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, राज एम्पायर सोसाइटी में एक गार्ड द्वारा महिला निवासी से अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया। गार्ड ने सोसाइटी की निवासी कंचन से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जब निवासी मयंक कौशिक ने गार्ड को समझाने का प्रयास किया, तो गार्ड ने उनके साथ भी विवाद किया। निवासियों ने इस घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में दर्ज कराई। सोसाइटी के निवासी मेंटेनेंस ऑफिस के सामने एकत्र हुए। उन्होंने गार्ड मनोज से सार्वजनिक माफी की मांग की। साथ ही मौजूदा सिक्योरिटी एजेंसी को बदलने और एस्टेट मैनेजर को हटाने की मांग भी रखी। विरोध के दौरान मेंटेनेंस स्टाफ ने काम बंद कर दिया और बिजली आपूर्ति रोक दी। इससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़ी लापरवाहियां बढ़ रही हैं। महिलाओं के साथ अभद्रता की घटनाएं चिंताजनक हैं। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद मामला शांत हुआ। सोसाइटी के निवासियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं और भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# शराब तस्करी करते दो शातिर गिरफ्तार

## 261 लीटर विदेशी शराब बरामद

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। रिफाइनरी पुलिस ने आबकारी टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्जीय अवैध शराब तस्करी का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 261.75 लीटर विदेशी शराब बरामद की।




शराब को सफेद रंग की बाल्स बेगन बेन्टो कार में भरकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार रात लगभग 12 बजे थाना रिफाइनरी पुलिस टीम व आबकारी विभाग की टीम ने बरारी चौकी मोड़, बरारी कस्बा के पास मथुरा-दिल्ली हाइवे पर चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार संख्या डीएल 13 सी 4324 से 169 बोतलें रेड लेवल ब्रांड, 126 बोतलें ब्लेंडर प्राइड ब्रांड और 54 बोतलें मैजिक मोमेंट्स ब्रांड बरामद बरामद हुयी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीषपाल पुत्र स्व. नाथपाल निवासी माधोपुर, थाना लीलापुर, जिला प्रतापगढ़ और मुकेश कुमार पुत्र सत्येन्द्र निवासी पटेलनगर, थाना शास्त्रीनगर, पटना के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक निहान्त यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश अग्निहोत्री समेत पुलिस व आबकारी विभाग के कई अधिकारी शामिल रहे।

# ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर कि द्वितीय बैठक में हाईपावर्ड कमेटी ने आवेदनों का परीक्षण किया



अमन लेखनी समाचार

मथुरा। ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मन्दिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी, वृन्दावन, की द्वितीय बैठक में दो-दो सदस्य दोनों गोस्वामी समूहों (राजभोग समूह एवं शयनभोग समूह) में से सदस्य नामित करने हेतु प्राप्त 14 आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष-न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) उच्च न्यायालय इलाहाबाद अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक की कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट ने की। बैठक में प्राप्त सभी 14 आवेदनों का परीक्षण किया गया और अध्यक्ष अशोक कुमार ने निर्देश दिए कि सूचना देकर 28 अगस्त को सभी गोस्वामियों को कलेक्ट्रेट में बुलाया जाए।

# सतोहा में फायरिंग वा मारपीट से क्षेत्र में दहशत

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। सतोहा थाना हाइवे के सतोहा में दो दर्जन सशस्त्र लोगों ने शराब का पैसा न देने पर घर में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। घर पर हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस पीड़ित की रिपोर्ट के बाद जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी मिली कि थाना हाइवे के सतोहा में बीती रात दो दर्जन के करीब हथियारबंद लोगों ने सतोहा निवासी राकेश पुत्र चेतन सिंह के यहां फायरिंग और तोड़फोड़ की। पीड़ित ने बताया कि बीती रात को असगर पुर निवासी जीतू ठाकुर अपने सहयोगी के साथ बाइक पर आया और शराब के लिए पैसों की मांग करने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ बताते हैं कि उसके ढाई दर्जन सशस्त्र लोगों ने बोला हमलासाथ कई लोग थे जो स्कारपियों से आए थे। इनकी संख्या दो दर्जन से ज्यादा बतायी जाती है। पहले जीतू ठाकुर बाइक पर आया और बाद में ढाईदर्जन लोग स्कारपियों व अन्य साधनों से उसके घर पहुंच गए। इन्होंने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ की। फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सोशल मीडिया पर भी यह घटना वायरल हो रही है। जिसमें आरोपी खुलेआम हथियार लहरा रहे हैं और फायरिंग कर रहे हैं, जबकि परिवार के लोगडर की वजह से घर में छिप गए। गांवों वालों में भी दहशत फैल गई। घटना की सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो ये लोग भाग गए और जाते-जाते मारने की धमकी दे गए। पीड़ित परिवार ने घटना की रिपोर्ट हाइवे थाने में लिखाई है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# यूरिया खाद वितरण में अनियमितता

## सहकारी समिति के सचिव पर चहेतों को खाद देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, तहसील कलान में स्थित साधन सहकारी समिति सिंघहा यूसुफपुर में यूरिया खाद वितरण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। किसानों का आरोप है कि समिति के सचिव लाखन सिंह मनमानी कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने बुधवार दोपहर उप जिला अधिकारी कलान को इस मामले में शिकायत की। उन्होंने बताया कि सचिव केवल अपने परिचितों को असीमित मात्रा में खाद दे रहे हैं। छोटे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। आरोप है कि खाद को काले बाजार में बेचा जा रहा है। संगठन ने मांग की है कि छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद का वितरण किया जाए। तहसील जलालाबाद और कलान क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी कमी है। किसानों को आधार कार्ड जमा करने के बाद भी तीन से चार दिन तक समिति के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। खाद के साथ अतिरिक्त जिंक का पैकेट भी दिया जा रहा है। खाद की कमी से क्षेत्र के किसान परेशान हैं।

# एनसीसी कैंप में गर्ल्स कैडेट्स ने दिखाया दम

- सरधना के द्रोण पब्लिक स्कूल में फायरिंग रेंज का उद्घाटन, वेपन ट्रेनिंग भी दी गई

अमन लेखनी समाचार




सरधना, उत्तर प्रदेश डायरेक्ट्रेट एनसीसी कैंप का तीसरा दिन सरधना में उत्साहपूर्ण रहा। यह कैंप 31 अगस्त 2025 तक चलेगा। कैंप में दिन की शुरूआत पीटी और ड्रिल से हुई। कैडेट्स को सैन्य जीवन की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। द्रोण पब्लिक स्कूल में नए फायरिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। गर्ल्स कैडेट्स ने फायरिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप कमांडेंट कर्नल नीरज चौधरी ने कैडेट्स को फायरिंग तकनीक सिखाई। उन्होंने विशेष रूप से गर्ल्स कैडेट्स को आत्मरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। थल सैनिक कैंप के लिए कैडेट्स को बेहतर फायरिंग प्रशिक्षण दिया गया। हथियारों के रखरखाव की जानकारी भी दी गई। चयनित कैडेट्स को मैप रीडिंग का प्रशिक्षण दिया गया। फायरिंग प्रशिक्षण नायब सूबेदार पदम बहादुर और हवलदार रंजीत सिंह ने दिया। जीसीआई श्रुति सिंह और आयुषी त्यागी ने भी प्रशिक्षण में योगदान दिया। फर्स्ट अफसर सुंदर सिंह ने नेतृत्व कौशल पर मार्गदर्शन किया। द्रोण पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में एनसीसी के एएनओ सियानन्द पतंजलि, पीटीआई मोहम्मद आदिल, दीपक यादव और कपिल शर्मा भी उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक दो दिन में विभागीय कार्य पूर्ण कर खत्म करें पेडेंसी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र कुछेछा में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने सभी को निर्देशित किया कि डीबीटी, स्वच्छ भारत मिशन, इंस्पायर अवार्ड, एक पेड़ मां के नाम तथा बच्चों के ड्रॉप आउट बॉक्स को दो दिन में पूर्ण कर सभी शिक्षक गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने में लग जाए। बैठक में विकासखंड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों की समीक्षा कर विद्यालय स्तर पर लगातार पेंडिंग चल रहे तथा विभाग की दायित्वों का समय से पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस बार नव अन्वेषण तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने वाले प्रत्येक विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के पांच पांच बच्चों को इंस्पायर अवार्ड योजना में भारत सरकार के पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराया जा रहा है जिनके आइडिया चयनित होने पर उनको विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 10-10 हजार रुपए की धनराशि सीधे उनके खाते में प्रदान की जाएगी। बैठक में विकासखंड के समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा संकुल शिक्षक एवं एआरपी अकबर अली उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को में 34वें श्री कृष्ण रूप सज्जा महोत्सव 'बाल गोकुलम' का दिव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र रेणुकूट। रंगमंच व ललित कला के लिए समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती सोनभद्र रेणुकूट इकाई ने अपना 34वां श्री कृष्ण रूप सज्जा महोत्सव ₹बाल गोकुलम₹ का आयोजन हिंडालको प्रेक्षागृह में किया। प्रतियोगिता में 9 माह से ढाई वर्ष तथा ढाई से 4 वर्ष तक की आयु वर्गों में कुल 55 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंडालको परिवार के मुखिया समीर नायक ने श्री कृष्ण जी के प्रतिदर्श पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्मेल्टर प्लांट प्रमुख जयेश पंवार, एल्युमिना प्लांट प्रमुख रोहित चौरसिया, ईआर प्रमुख अजय सिन्हा ने सपत्नीक माल्यार्पण व पूजन किया। पूजन में सहयोग उपाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह, महामंत्री विपुल




कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम नारायण चौबे के द्वारा प्रस्तुत संस्था के ध्येय गीत से हुआ। संस्था का परिचय शेषनाथ मालवीय ने दिया। श्रीमती गीता सिंह व श्रीमती गीता मौर्या द्वारा निर्देशित नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चे अपने माता-पिता के साथ श्री कृष्ण जी की रंग बिरंगी वेशभूषा के साथ मनमोहन रूप में प्रस्तुत हुए एवं प्रस्तुति देखकर प्रेक्षा गृह तालियो से गूंजता रहा। निर्णायक मंडल में शामिल श्रीमती संगीता मेहता, श्रीमती ज्योति मिश्रा एवं जितेंद्र जौहर ने बच्चों के परिधान व उनकी अदाओं का कुशल मूल्यांकन करते हुए कनिष्ठ वर्ग में ध्रुव वार्ष्णेय, काशवी शुक्ला, भार्गवी गुप्ता को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा वरिष्ठ वर्ग में ने क्रमशः आरुष श्रीवास्तव, आंशिक शुक्ला, अविका शुक्ला, प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि अजय सिन्हा, जयेश पंवार व रोहित चौरसिया ने अपने संबोधन में बच्चों में संस्कार को रोपित करने का अनुरोध किया एवं भविष्य में भी संस्कार भारती से ऐसे प्रेरणादाई कार्यक्रमों की अपेक्षा की और शुभकामनाए दीं। कार्यक्रम के अंत में हिंडालको प्रबंधन मंडल एवं संस्था द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शिप्रा उपाध्याय एवं अश्विनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंनद सिंह, संजय कुंडिया, दिनेश उपाध्याय, मनोज सिंह, भुवन जोशी, राजीव सिंह, अनन्त अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, राजेंद्र कश्यप, संजीव सिंह, शेष मालवीय, हरिशंकर दूबे, मनीष माहेश्वरी, संजय जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन राजेन्द्र शेखावत के धन्यवाद ज्ञापन एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

## गणेश चतुर्थी कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। गणेश चतुर्थी कार्यक्रम की तैयारी कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में जोर शोर से शुरू हो गया बाजारों में गणेश की मूर्तियां की दुकानों खासी भीड़ देखने को मिल रही गणेश चतुर्थी का पर्व 10 दिन लगातार गणेश भगवान की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ किया जाता है।



बताते चलें कस्बे थाना चौराहा व अरतरा चौराहा में गणेश भगवान की मूर्ति का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन करते हुए पंडालों की सजावट में भक्तों ने जोरदारी से किया इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में सिसोलर थाना प्रभारी ब्रिजेश कुमार ने बताया तीन स्थानों पर गणेश भगवान की प्रतिमा रखी जाएगी जिसमें छानी गांव, लेवा, चांदी कला आदि जगहों पर गणेश पंडालो की सजावट व गणेश की प्रतिमा का भक्तगण पूजा अर्चना करते हुए 10 दिनों तक चलने वाला पर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे इसी प्रकार कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कस्बे के थाना चौराहा अरतरा चौराहा सहित ग्रामीण क्षेत्र खंडेह प्राथमिक विद्यालय, मकराव, ढिया डेरा आदि स्थानों पर गणेश प्रतिमा रखी जाती है प्रतिदिन पूजा दर्शन कर जन्मोत्सव का आनंद उठाते क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाता है यह पर भाद्र मास की चतुर्थी तिथि से शुरूआत की जाती है भक्त जन घरों और पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा का स्थापित कर विधिवत पूजन आरती व्रत और भजन करते हुए मोदक लड्डू और सुबह शाम गणेश भगवान की आरती का मनोकामनाएं पूर्ण करने का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा 31 अगस्त को राधा अष्टमी का कार्यक्रम और 6 सितंबर को प्रसाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन कर अपने मनोकामनाएं पूर्ण करेंगे।

## जगतराज प्रजापति ने अतरार पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

### शोकाकुल परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ग्राम अतरार मे देवदास प्रजापति के 30 वर्षीय नौजवान पुत्र की विद्युत करैंट लग जाने से दुखद मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मिलते ही समाजसेवी जगत राज प्रजापति तुरंत ग्राम अतरार पहुंचकर दुखी परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने की बात कहते हुए उसके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और दुखी परिवार से भेंट कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तथा गरीब परिवार को अपनी तरफ से आर्थिक मदद की और कहा कि मैं आपके परिवार के साथ हूं मेरे लायक जो भी समस्या का निदान हो सकता हो तो मुझे अपना बेटा समझ कर आदेश करें मैं बराबर आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा इस तरह की सेवा और समर्पण को देखते हुए मौजूद लोग भी भाऊक हो गए जागतराज प्रजापति ने कहा कि इस घटना से मन बहुत दुखी है ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा 160 बच्चों का परीक्षण किया गया



बच्चों का नैत्र परीक्षण करती टीम

अमन लेखनी समाचार

मौदहा(हमीरपुर) कस्बे के शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के डा. भागवत यादव एवं डॉ आयुष मिश्र द्वारा विद्यालय के 160 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 13 छात्र छात्राओं को विशेष समस्या होने पर चशमा दिया जायेगा।शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। डॉ आयुष मिश्र ने बताया कि आज कल कम उम्र अधिकांश छात्र छात्राओं को पढ़ने लिखने में आंखों में दर्द, सिर में दर्द होता है, यदि समय से ध्यान नहीं दिया गया तो आंखों में बड़ी समस्याएं बन जाती है। उन्होंने बताया कि जांच में अधिक समस्या आने वाले छात्र छात्राओं को चश्मा भी दिया जायेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने डाक्टर टीम का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सभी आचार्यों का भी नेत्र परीक्षण किया गया

## राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा संगठन की संगोष्ठी हुई आयोजित

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झाँसी। राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा संगठन भारत के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शकुन जयहिंद सिंह ने विगत 24 अगस्त रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में आये हुए सभी सम्मानित मुख्य अतिथि राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा,विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक डॉक्टर बाबूलाल तिवारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के परमपिता एवं अध्यक्ष डॉक्टर मुन्नीलाल शर्मा,प्रमुख सचिव कैप्टन राजेश शर्मा,गरौठा चेयरमैन अरुण मिश्रा मंडल अध्यक्ष,संगठन के निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर हृदेश खरे एवं बाहर से आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारी बंधुओं एवं महिला शक्ति से डॉक्टर वंदना मिश्रा,उर्मिला पटेरिया सहित आये हुए सभी सम्मानित अतिथियों का बहुत बहुत आभार व्यक्त करती हूं। आप सभी ने मेरे शपथ ग्रहण समारोह में जो आप सभी ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया इसकी में सदा आभारी रहूंगी। साथ ही मेरे वरिष्ठ



पदाधिकारी बसंत मोदी,सतीश चौरसिया एवं सभी नगर गुरसराय के सम्मानित नागरिक एवं सम्मानित पत्रकार बंधुओं का भी आभार व्यक्त करती हूं साथ ही मुझे बड़ा हर्ष है कि शिक्षक विधायक भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर बाबूलाल तिवारी की घोषणा पर संगठन के लगनशील एवं निष्ठावान डॉक्टर हृदेश खरे को शिक्षक विधायक बुंदेलखंड क्षेत्र सहायक अधिकारी मनोनीत होने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में आए सभी सम्मानित बंधुओं का पुनः आभार एवं अभिनंदन व्यक्त करती हूं एवं साथ ही अपनी सम्मानित महिला बहनों का भी धन्यवाद ज्ञापित करती हूं जिन्होंने अपना अमूल्य समय दिया और मेरा सहयोग किया और आप सभी को ये विश्वास दिलाती हूं कि जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संगठन ने मुझे दी है उसका निर्वाहन पूरी निष्ठा और लगन से पूर्ण करूंगी और संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखूंगी बस यही मेरा संगठन के प्रति संकल्प होगा। इस अवसर पर रमा बहिनजी,हैमत कुमारी,रजनी,विनीता आर्या,विनीता मिश्रा,ज्योति बरसैया, राजेश्वरी, शारदा, मालती, पार्वती, गुड्डी, संजना, नीलम, उमा देवी, प्रवेश ,सन्तोषी, शीला, शांति, रामकुमारी, रीता, सोनम,शिवम, सीमा,रेखा, सुमन,रामदेवी ,सुषमा,प्रियंका, बबीता, रामरती, जनक, रमा, सीमा देवी रामवती,सुमन एवं सभी शिव शक्ति संगठन एवं सुंदरकांड मन्दिर कमेटी की बहिने शामिल रही।

## तालाब का पानी घरों में भरने से परेशान ग्रामीणों ने डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### प्रशासन की अनदेखी के चलते ग्रामीणों का जीना हुआ दूभर

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

गुरसरांय, झांसी। गरौठा तहसील के विकासखण्ड गुरसरांय के अंतर्गत ग्राम सिर्वो के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गरौठा को ज्ञापन देते हुए बताया कि उनके मकानो में बरसात का पानी भर गया है जिससे मकानो में दरारें आ रही हैं एवं दिबाले गिरने लगी हैं मछली पालन तालाब का ठेका है बतपुरा का है जो तालाब का पानी खाली नहीं कर रहा है जिससे मकान एवं दिवाले गिर रही हैं जिससे गरीब ग्रामीणों के मकानों में बच्चे,बूढ़े,महिलाओं एवं पुरुषों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं जिससे बच्चों की शिक्षा वंचित हो रही है किसानों ने उप जिलाधिकारी से जांच कर तालाब का पानी खाली कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामनरेश विश्वकर्मा,राजू कुशवाहा, राजकुमारी लीला देवी,भगवती श्रीवास, रेनिका देवीश्रीवास सहित अन्य किसानों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। बताते चले कि गाँव के बूढ़े,जवान, बच्चे लगभग एक महीनें से बुरी तरह परेशान हैं और कभी भी कई घर धराशाही पानी भर जाने से हो सकते है जिससे भारी जनहानि की आशंका बनी हुई है।





## महिला ने अपने पति व ससुर के विरुद्ध दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के नारायच गांव निवासी महिला मुस्कान नसीर पत्नी इकराम खान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता ने उसकी शादी नवंबर 2021 को गांव के ही इकराम खान पुत्र सुभान खान के साथ अपनी सामर्थ्य अनुसार दहेज देकर किया था। पिता द्वारा दिये गए दहेज से असंतुष्ट पति इकराम व ससुर सुभान संतुष्ट नहीं हुए और उसे शुरू से ही अत्यधिक दहेज लाने के लिए कहते रहे। पीड़िता ने बताया कि जब उसने उक्त बात अपने पिता को बताई तो पिता ने उनकी मांग को पूरा करने में असमर्थता जताई तो पति मेरे साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया। उसने बताया कि उसका पति गांव की अन्य महिलाओं से भी फोन पर बातें करता है जिसके साक्ष्य भी उसके पास मौजूद हैं। पीड़िता ने बताया कि पति के इस हरकत को जब उसने अपने पिता से बताया तो पिता उसे कुछ दिनों बाद सब कुछ ठीक होने का ढांढस बंधाते हुए शांत रहने के लिए कहने लगा। उसने बताया कि 23 तारीख को सुबह 11 बजे उसका पति किसी दूसरी महिला से फोन पर बात कर रहा था और मैंने पूछा कि कौन है तो वह झुंझला गया और मुझे पटक जमीन पर दिया और मेरी गर्दन पर बैठ गया और बड़े लड़के को कमरे से बाहर फेंक दिया तथा मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मौका देखकर पीड़िता ने डायल 1090 को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पति-पत्नी को थाने लेकर आई। पीड़ित महिला की तहरीर के अनुसार कोतवाली पुलिस ने दहेज प्रथा समेत मारपीट करने तथा अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला से तहरीर मिली है दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## चौथी बार यमुना बाढ़ से मऊ तहसील के 15 गांवों में बाधा व समस्याओं का अम्बार

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। मऊ तहसील के 15 राजस्व गांवों में यमुना ने चौथी बार बाढ़ लाकर भारी समस्याएं उत्पन्न कर दिया है।इन राजस्व गांवों के किसान देशी खाद यूरिया, डीएपी बीज सब बार-बार खरीदा और बोया लेकिन जमुना मैया ने उनके सभी फसलों को बर्बाद करने का जिम्मा जैसा ले लिया है। बहुत से किसानों का कहना है कि पठार के तराई भाग के हमारे राजस्व गांव में तहसील के लेखपाल रिपोर्ट नहीं लिखते लिखते भी हैं तो सरकार द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा समय से नहीं मिलता है। इन राजस्व ग्रामों के बच्चे जो पढ़ने लिखने के लिए स्कूलों मऊ कस्बे तक आते हैं, उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।नावों द्वारा सभी 15 गांवों के ग्रामीण अपने गांव आते जाते हैं तथा जरूरी सामान मऊ मार्केट से भी



लेकर जा रहे हैं। फिर भी भारी सामान व वाहन आ नहीं जा रहे हैं उससे भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मऊ उप जिलाधिकारी सौरव यादव ने जितनी बार जमुना में बाढ़ आई है उतनी बार सभी संबंधित गांवों के संपर्क टूटने पर वहां पर नाव लगाकर फ्री व्यवस्था करवाया है जो एक सराहनी काम है। मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी द्वारा इन्हीं जल भराव क्षेत्र में चार से पांच पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश सरकार से आदेशित कराकर करा रहे हैं। वह भी इस साल बारिश और यमुना की बाढ़ से जिले के बहुत से विकास कार्यों को नुकसान हुए हैं। आगे चलकर इन सभी तरहार के जल भराव क्षेत्रों में पुल बनने से 80 परसेंट समस्याओं का समाधान यमुना बाढ़ से हो जाएगा लेकिन किसानों की प्रमुख फसलें बाजरा, अरहर,मूंग, तिल,धान की खेती होती है, कुछ किसान नहीं बो पाया है। अतः कुछ किसानों के लागत भी लगाया लेकिन जमुना मैया ने धोखा देकर उनके फसल को सड़ा गला दिया है ।अतः सरकार उन किसानों को राजस्व टीम के आधार पर मुआवजा समय से देना चाहिए।

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के युवा नगर अध्यक्ष युवराज सिंह ने किया संगठन विस्तार

### राज सिंह को युवा नगर महासचिव, आदर्श प्रताप सिंह को युवा नगर कार्यकारिणी सदस्य, व संदीप सिंह को युवा नगर सक्रिय सदस्य की कमान

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के विस्तार के क्रम में युवा नगर अध्यक्ष युवराज सिंह ने राज सिंह को युवा नगर महासचिव, आदर्श प्रताप सिंह को युवा नगर कार्यकारिणी सदस्य , व संदीप सिंह को युवा नगर सक्रिय सदस्य की कमान सौंपी हैं। तीनों पदाधिकारीयों को प्रमाण पत्र देकर एवं सभी को मिठाई खिलाकर सेना में उनका स्वागत किया गया ।जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार, जिला उपाध्यक्ष इंस्पेक्टर सिंह उर्फ शिवम, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह राणा, ,पूर्वांचल सचिव अभिषेक सिंह धवल युवा जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह (प्रांजल) नगर महासचिव सुनील सिंह युवा नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र देकर मिठाई खिलाकर किया गया। और उनसे उम्मीद की गई की संस्था में जुड़कर मानव सेवा, समाज सेवा के लिए महिला उत्पीड़न व समाज में व्याप्त कुरीतियों के लिए आगे आए और समाज के हर तबके के लिए संघर्ष के लिए अपनी सेवा के साथ तत्पर रहे। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के सभी पदाधिकारियो ने नए पदाधिकारियो को बधाई और शुभकामना दी है। साथ ही आशा व्यक्त की है की श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का विस्तार करने में पदाधिकारी हमारे सहयोग में खड़े रहेंगे।



## ट्राली चुराने वाले अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के अरतरा चौराहे के समीप खड़ी ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति अपने ट्रैक्टर में फंसाकर ले गया था, जिसका वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। प्रार्थी ने उक्त घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी जिसमें कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कस्बे के चौधराना मोहल्ला निवासी मु. यासीन पुत्र जकी मुहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 24-08-025 की मध्य रात्रि उसकी ट्राली अरतरा चौराहे के निकट स्थित अनन्या गेस्ट हाउस के पास खड़ी थी जिसे अज्ञात व्यक्ति अपने ट्रैक्टर में फंसाकर रात्रि लगभग 2:14 बजे ले गया है जिसका वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उसने बताया कि जब सुबह वह अपनी ट्राली लेने गया तो वहां पर ट्राली मौजूद नहीं थी तभी प्रार्थी ने सीसीटीवी कैमरे देखे तो अज्ञात व्यक्ति ट्राली फंसाते हुए देखा गया। घटना की लिखित तहरीर प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस को देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ट्राली बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर अनुसार अज्ञात चोरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित कर दी गई तकनीकी शिक्षा की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन करके छात्र-छात्राओं को संस्था की शैक्षिक गतिविधियों के साथ क्रियाकलापों से अवगत कराया गया प्रधानाचार्य विवेक कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नव प्रवेश छात्र छात्राओं को संस्था की तकनीकी शिक्षा के साथ विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर संस्था की विभागाध्यक्ष गीता गौतम, पंकज सिंह, डॉ आशीष मिश्रा, अमित कटियार, दिव्यांशु गुप्ता, आलोक कुमार, रामकुमार, मनोज कुमार, राहुल सिंह, सुभाष चंद्र, अभिषेक गुप्ता, दीक्षा त्रिपाठी आदि शिक्षक शिक्षकाऐं मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते खेत पर हुई किसान की मौत, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। कोतवाली गरौठा अंतर्गत ग्राम बिरौना में अज्ञात कारणों के चलते खेत पर काम कर रहे एक किसान की मौत हो गई । ग्राम बिरौना निवास मनसुख (47) पुत्र बंसी की बुधवार शाम करीब 5 बजे अपने खेत पर अज्ञात कारणों से मौत हो गई। परिजनों द्वारा बताया गया की मनसुख खेत पर काम कर रहा था दोपहर में उसने अपनी पत्नी से पानी मांगा और वही लेट गया पत्नी जब उठाने गई तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पत्नी ने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस गरौठा को दी गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही व नायब तहसीलदार ने घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने



मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मऊ रानीपुर भेज दिया है ।परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम करने गया था। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच के जुटी हुई है।

## भगवान श्री गणेश के आठ रूपों की डॉ. संदीप की अगुवाई में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। श्री गणेश सत्संग भवन 75 वें गणेश महोत्सव को बहुत धूमधाम से मनाने जा रहा है, 24 अगस्त से प्रारंभ होने वाला गणेश महोत्सव 8 सितंबर तक चलेगा। 24 अगस्त को अखण्ड रामायण प्रारम्भ और 25 को पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। 75वें विशाल श्री गणेश हीरक जयंती महोत्सव के तीसरे दिन 26 अगस्त को भगवान गणेश के आठ रूपों का आगमन 9 नंबर से शाम 4:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसकी भव्य यात्रा बुंदेलखंड चौराहे पर आकर कलश यात्रा के साथ और भव्य हो गई, डॉ संदीप सरावगी की अगुवाई में कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। 75वें गणेश महोत्सव के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं विशाल मातृशक्ति एवं भगवान गणेश के आठ रूपों ने शोभा यात्रा को बहुत भव्य बना दिया जगह जगह शोभा यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। अंत में मुख्य आयोजक सीताराम कुशवाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी भक्तों एवं मातृशक्ति को प्रसाद वितरण किया और सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में प्रतिदिन उपस्थित रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर नरेश चंद्र अग्रवाल महामंत्री संस्कार भारती, देवी पहलवान पार्षद, लखन कुशवाहा पार्षद, संजय कुशवाहा पूर्व पार्षद संजय पूर्व पार्षद, राघवेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, रविंद्र अग्रवाल, डॉक्टर अशोक गोस्वामी, परम शर्मा बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा, राकेश चंद तिवारी, महेश चंद कुशवाहा, डॉ महेंद्र, ऋषि कुशवाहा, संजय राष्ट्रवादी, हरिमोहन कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



# हनी सिंह के गाने माफिया का टीजर हुआ रिलीज...

**मुंबई।** मंगलवार को रैपर हनी सिंह की एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के टाइटल ट्रैक माफिया का टीजर रिलीज हुआ। टी-सीरीज के बैनर तले बने इस गाने के टीजर में हनी पाजी का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। इस गाने को अगले महीने 26 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। कहा जा रहा है कि ये रैपर का मच अवेटेड गाना है, जिसके लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गाने के टीजर की शुरुआत होती है हनी सिंह के किश्ती वाले सीन से, जहां वो बोट में बैठकर कहीं पर जा रहे हैं। बोट पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ है। इसके बाद वो बहुत सारे लोगों के साथ एक दम डॉन स्टाइल में वॉक करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# कृतिका

## सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कृतिका कामरा हाल ही में सीरीज सारे जहां से अच्छा में फातिमा के रोल में नजर आई हैं। उनके इस किरदार और शो को ऑडियंस से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। साथ ही कृतिका के काम की भी तारीफ की गई है।

कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। एक बातचीत में उन्होंने कहा, मेरा कॅरियर प्रेम कहानियों से शुरू हुआ और ऑडियंस का इतना प्यार मिला कि आज भी लोग मुझे उन्हीं रोल्स के लिए याद करते हैं। लेकिन, हाल के वर्षों में रोमांस को जोखिम माना जाने लगा था। अब सैयारा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अच्छी रोमांटिक कहानियां हमेशा लोगों के दिल में उतरती हैं। मैं चाहती हूं कि मुझे एक ऐसी प्रेम कहानी मिले, जो दिल को छूने वाली हो, जो ऑडियंस को हंसा भी सके और रुला भी सके। सच कहूं तो रोमांस मेरे दिल के सबसे करीब है और मैं चाहती हूं कि फिर से एक ऐसी मोहब्बत की दास्तान करूं जिसे ऑडियंस बरसों तक याद रखें। मैं जल्दबाजी नहीं करती और सही मौके का इंतजार करती हूं। मुझे खुशी है कि मैं इंतजार कर सकती हूं। बस अफसोस इतना है कि महिलाओं के लिए गहरे और मजबूत किरदार कम मिलते हैं। किसी कहानी में आकर्षण तो स्वाभाविक होता है।



हॉलीवुड मसाला



# तुम ये पूछने वाली होती कौन हो?

**लॉस एंजिल्स।** परिणीति चोपड़ा के मां बनने की खबर से प्रियंका चोपड़ा बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और राघव चड्ढा को बधाई दी। प्रियंका के इस पोस्ट पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए, वहीं कई प्रशंसकों ने उनका समर्थन किया। कुछ ने तो सवाल उठाने वालों से भी पूछा है कि तुम ये पूछने वाली हो कौन? परिणीति चोपड़ा मां बनने वाली हैं और अपनी चचेरी बहन की इस खुशखबरी पर प्रियंका चोपड़ा फूले नहीं समा रहीं। प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर बहन के लिए ये प्यार जताते हुए कपल को बधाई दी है।



# जेरी एडलर ने द गुड वाइफ में दर्शकों का दिल जीता

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी स्टार 'जेरी एडलर' का 96 साल की आयु में निधन हो गया। जेरी ने 62 साल की उम्र में अपना अभिनय कॅरियर शुरू किया। उन्होंने 'द सोप्रानोस' और 'द गुड वाइफ' में अपनी भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता। जेरी एडलर ने अपने कॅरियर की शुरुआत ब्रॉडवे के पर्दे के पीछे स्टेज मैनेजर के रूप में की। उन्होंने माई फेयर लेडी, ऑफ द आई सिंग और द एप्पल ट्री जैसे प्रसिद्ध नाटकों में काम किया। वे कैथरीन हेपबर्न और जीरो मोस्टेल जैसे दिग्गजों के साथ भी जुड़े। 62 साल की उम्र में जेरी ने अभिनय शुरू किया। 1991 में ब्रुकलिन ब्रिज से डेब्यू करने के बाद, वे 1993 में वुडी एलेन की फिल्म 'मैनहट्टन मर्डर' मिस्ट्री में नजर आए। उनकी सबसे यादगार भूमिका द सोप्रानोस में हरमन हेश रबकिन की थी, जो 1999 से 2007 तक चली। इसके अलावा, द गुड वाइफ और द गुड फाइट में हॉवर्ड लाइमैन के किरदार में भी वे लोकप्रिय हुए।



# रागिनी एमएमएस की तीसरी किस्त में एंट्री

**मुंबई।** निर्माता और निर्देशक एकता कपूर एक बार फिर से अपनी आगामी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार फिल्म में नई स्टार कास्ट नजर आएगी, जिसमें अभी तक तमन्ना भाटिया की एंट्री हो चुकी है। वहीं, अब एक और एक्ट्रेस के होने की जानकारी सामने आई है। रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना भाटिया के बाद अब एकता कपूर की इस फिल्म में नोरा फतेही भी शामिल हो चुकी हैं। तमन्ना भाटिया जल्द ही हॉरर और थ्रिलर से भरी फिल्म 'रागिनी एमएमएस 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। उन्हें इस फिल्म की कहानी और उसमें मौजूद हॉरर का तड़का बहुत पसंद आया, जिसके चलते उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए हां कर दी है। तमन्ना के साथ अब खूबसूरत अभिनेत्री नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं।




# नई सीरीज डू यू वाना पार्टनर की घोषणा

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने नई सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को सीरीज का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सीरीज की लीड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नजर आ रही हैं। करण ने इसकी रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है, जिसके मुताबिक यह नई सीरीज 12 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। हालांकि, अभी तक सीरीज के बारे में और जानकारी तो सामने नहीं आई है और न ही इसकी कास्ट का पता चला है। लेकिन करण जौहर ने अपनी पोस्ट में तमन्ना और डायना के अलावा नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नीरज काबी और रणविजय जैसे सितारों को भी मेंशन किया है। जिससे ये उम्मीद जताई जा रही है कि ये सितारे भी सीरीज का प्रमुख हिस्सा हो सकते हैं।

टीवी मसाला



# इन 7 सदस्यों पर लटकी घर से बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान का विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। शो में इस बार 15 हस्तियों ने एंट्री की है, और आते ही बवाल काटना शुरू कर दिया है। जहां प्रीमियर के बाद दूसरे दिन घरवालों में आते ही झगड़ा देखने को मिला। वहीं, अब नॉमिनेशन्स भी शुरू हो गए हैं। इस हफ्ते बेघर होने के लिए कौन-कौन नॉमिनेट हुए हैं, उनके नाम आ चुके हैं। 'बिग बॉस 19' के 25 अगस्त वाले एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स को असेम्बली रूम में बुलाया गया था। वहां पूछा गया कि अभी घरवालों को कौन-सा सदस्य कम एक्टिव है। ज्यादा वोट फरहाना भट्ट को मिले, जिसके बाद उन्हें घरवालों की नजरों में तो बेघर कर दिया गया लेकिन जनता के लिए वह सीक्रेट रूम में हैं, जहां से पूरे घर को मॉनीटर कर रही हैं। घरवालों को जहां ये लगा कि पहले हफ्ते का पहला एविक्शन हो गया है तो वह सेफ हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 26 अगस्त को आने वाले नॉमिनेशन स्पेशल में टास्क हुआ, और उसमें कुल सात कंटेस्टेंट्स बेघर होने के लिए नॉमिनेट किए गए। इसमें अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, जीशान कादरी, नीलम गिरी, तान्या मित्तल, नतालिया जानोसजेक और प्रणति मोरे का नाम शामिल है। वैसे हर सीजन की एक रीत रही है कि पहले हफ्ते मेकर्स किसी को बेघर नहीं करते। लेकिन इस बार अगर कुछ नया करना हुआ तो कोई एक सदस्य बाहर जा सकता है।

## बप्पा को घर लाए गुरमीत और देबिना

**नई दिल्ली।** गणेश चतुर्थी का त्योहार आ गया है। लोगों के घरों में बप्पा का आगमन होना शुरू हो गया है। बॉलीवुड में भी कई सेलेब्स हैं, जो हर साल



बप्पा को अपने घर लाते हैं। अब इस साल भी ये सिलसिला शुरू हो गया है। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफर करने वाले अभिनेता गुरमीत चौधरी और उनकी पत्नी देबिना बनर्जी ने अपनी परंपरा को कायम रखा है। दोनों हर वर्ष की भांति इस साल भी अपने घर बप्पा को लाए हैं। अब इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। गणपति के परम भक्त माने जाने वाले गुरमीत और देबिना के जोड़े ने अपनी बेटियों लियाना और दिविशा के साथ बप्पा का अपने घर में स्वागत किया है। वायरल वीडियो में दोनों अपनी गणपति की मूर्ति घर लाने से पहले एक मूर्ति की दुकान पर जाते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो में परिवार बड़े प्यार से मूर्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

# अपनी मिमिक्री देख भड़के सुनील

## बोले- इतना घटिया मैंने कभी नहीं देखा

**मुंबई।** सुनील शेट्टी हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे और इस दौरान जब एक आर्टिस्ट ने उनकी मिमिक्री की तो वह काफी भड़क गए। इतना ही नहीं, उन्होंने आर्टिस्ट को दोबारा उनकी मिमिक्री करने से मना कर दिया। सुनील शेट्टी जो आम तौर पर काफी कूल दिखते हैं, उनका नया वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।



वीडियो में आप देखेंगे कि सुनील एक आर्टिस्ट को उनकी मिमिक्री करने के लिए डांट रहे हैं और सभी काफी हैरानी से एक्टर को देख रहे हैं। वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है, हालांकि कब का है यह इवेंट पता नहीं चल पाया है। सुनील बोलते हैं, 'तब से यह भाईसहाब अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं जो मेरी आवाज में है ही नहीं। इतना घटिया मिमिक्री मैंने कभी देखा बी नहीं है। जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है, ये बच्चे की तरह बोल रहा था। बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छे से करनी चाहिए। खराब नकल नहीं करनी चाहिए।' सुनील की इस बात को सुनकर मिमिक्री आर्टिस्ट माफी भी मांगते हैं। वह बोलते हैं, 'सॉरी सर, मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था।' इस पर सुनील बोलते हैं कि कोशिश करना भी मत बेटा। अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में, पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है। अभी बच्चा है, लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्म नहीं देखी है इसने। इस वीडियो को देखकर सब काफी हैरान हैं और सुनील के रिएक्शन से निराश भी हैं। किसी ने कमेंट किया कि ये काफी रूड है।

# अनीत यशराज की फिल्म में मनीष संग करेंगी काम उधर विक्की कौशल की 'महावतार' को झटका

**मुंबई।** अनीत पड्डा के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि यशराज फिल्म्स ने उन्हें एक और नई रोमांटिक फिल्म ऑफर की है, जिसे 'बैंड बाजा बारात' फेम मनीष शर्मा डायरेक्ट करेंगे। दूसरी ओर, चर्चा है कि विक्की कौशल की 'महावतार' पोस्टपोन हो गई है। अनीत पड्डा और अहान पांडे इन दोनों ही युवा कलाकारों के करियर पर आदित्य चोपड़ा की बारीक नजर है। 'सैयारा' की सफलता के बाद, दोनों ही जेन-जी के लिए रोमांस का चेहरा बनकर उभरे हैं। ऐसे में





आदित्य का मानना है कि एक और रोमांटिक फिल्म के लिए यह एकदम सही समय है। उन्होंने इसके लिए अपने पुराने भरोसेमंद मनीष शर्मा पर दांव लगाया है। नई रोमांटिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है। बैंड बाजा बारात और शुद्ध देसी रोमांस जैसी फिल्मों से मशहूर हुए मनीष शर्मा की यह फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। इसकी शूटिंग 2026 की पहली छमाही में शुरू हो जाएगी। इससे पहले फिल्म की कास्टिंग पर काम होगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मेकर्स अनीत के अपोजिट लीड रोल में किसे कास्ट करते हैं। वैसे, मनीष शर्मा की पिछली फिल्म सलमान खान संग 'टाइगर 3' थी, जो बॉक्स ऑफिस पर दम नहीं दिखा पाई थी। दूसरी ओर, विक्की कौशल की फिल्म 'महावतार' इसी साल आखिरी तिमाही में फ्लोर पर आने वाली थी। लेकिन, अब इसके निर्माण में देरी होगी। विक्की इन दिनों संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में बिजी हैं। इसलिए वह 'महावतार' की शूटिंग अगले साल अप्रैल से पहले शुरू नहीं कर पाएंगे। ऐसे में इसे दिसंबर 2026 में रिलीज करना संभव नहीं होगा।

## देवा हो देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन ...

# बॉलीवुड के ये गाने गणेश चतुर्थी पर ले आते हैं भक्ति की शक्ति

**नई दिल्ली।** आज से देशभर में गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। पंडाल सज चुके हैं और लोग गणपति बप्पा का स्वागत करने को बेताब हैं। ऐसे में बॉलीवुड के भक्ति से भरे ये गणेश चतुर्थी स्पेशल गाने उत्सव का रंग और खास बना देते हैं।

**देवा श्री गणेश (अग्निपथ)** : ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा पर फिल्माए गए इस गाने का संगीत अजय अतुल ने दिया है। जबकि गाने को अजय गोगवाले ने आवाज दी है।

**मोरिया रे (डॉन (2013)** : शाहरुख खान पर यह गाना फिल्माया गया है, जिसे शंकर महादेवन ने आवाज दी है। जावेद अख्तर के लिखे इस गाने का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है, जो खासकर विसर्जन के वक्त बजाया जाता है।

**बप्पा (बैंजो)** : रितेश देशमुख और नर्गिस फखरी पर यह गाना फिल्माया गया है। गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और विशाल-शेखर इसके कंपोजर हैं। विशाल ददलानी ने यह सॉन्ग गाया है।

**शंभू सुतया (एनी बडी कैन डांस)** : गणेश आचार्य, प्रभु देवा आदि पर फिल्माया गया यह गाना सचिन जिगर ने कंपोज किया है। गाने के बोल मयूर पुरी ने लिखे हैं और शंकर मदेवन और विशाल ददलानी ने इसे आवाज दी है।

**सड्डा दिल भी तू (एनी बडी कैन डांस)** : इस गाने को आवाज हार्ड कौर ने दी है। सचिन जिगर इसके कंपोजर हैं और मयूर पुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।





**गजानना (बाजीराव मस्तानी)** : रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों से सजी फिल्म का यह गाना सुखविंदर सिंह ने गाया है।प्रशांत इंगोले ने इसके बोल लिखे हैं। श्रेयस पुराणिक ने गाने को कंपोज किया है।

**विघ्नहर्ता (अंतिम : द फाइनल ट्रुथ)** : सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर फिल्म का यह गाना वरुण धवन पर फिल्माया गया है। गाने के बोल वैभव जोशी ने लिखे हैं और संगीत हितेश मोदक ने दिया है। अजय गोगवाले इस इस गाने के सिंगर हैं।

**गणपति आरती (सरकार 3)** : अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया यह गाना उन्होंने ही गाया है। रोहन विनायक ने इस गाने का संगीत दिया है।

**गणपति बप्पा (दिन दहाड़े)** : सुरेश वाडकर और कुमार सानू ने इस गाने को आवाज दी है। गाने के कंपोजर जीतू-तपन हैं और नक्श ल्यालपुरी ने इस गाने के बोल लिखे हैं।

**देवा हो देवा (हमसे बढ़कर कौन)** : आशा भोसले, शैलेन्द्र सिंह, भूपिंदर, सपन चक्रवर्ती, और मोहम्मद रफी ने यह गाना गाया है। राम लक्ष्मण इसके कंपोजर हैं और रविंद्र रावल ने इसके बोल लिखे हैं।

**शेंदूर लाल चढ़ायो (वास्तव)** : गणेश चतुर्थी के लिए एक गान माना जाता है, इसे अक्सर गणेश के आगमन और विसर्जन के दौरान बजाया जाता है। संजय दत्त का भावनात्मक प्रदर्शन इसके प्रभाव को बढ़ाता है।

**'सुनो गणपति बप्पा मोरया (जुड़वा 2)** : वरुण धवन की फिल्म 'जुड़वा 2(2017)' में 'सुनो गणपति बप्पा मोरया.' बहुत ही शानदार ढंग से फिल्माया गया है। वरुण धवन ने इस गाने पर कमाल का डांस किया है। गणेश उत्सव में भी यह गीत आम जनमानस बजाते हैं।

**मेरा ही जलवा (वॉन्टेड)** : साल 2009 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म वॉन्टेड में 'मेरा ही जलवा' नाम एक गाना था, जिसमें सलमान खान का किरदार गणेश उत्सव में जमकर डांस करता है। बप्पा की पूजा करता है। इस गाने में अनिल कपूर की झलक भी देखने को मिलती है।

**सुख कर्ता दुख हर्ता (अतिथि तुम कब जाओगे)** : अजय देवगन की फिल्म 'अतिथि तुम कब जाओगे(2010)' में मराठी भाषा की चर्चित गणेश आरती शामिल थी। यह फिल्म के क्लाइमैक्स में आती है। यह आरती फिल्म में दिए गए संदेश को और भी खास बना देती है।